## एक नजर

### आकाशीय बिजली गिरने से युवक की मौत

**फतेहपुर।** सुल्तानपुर घोष थाना क्षेत्र के कस्बे में सुबह आकाशीय बिजली गिरने से युवक की मौत हो गयी। मौत की खबर सुनते ही परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है। सुल्तानपुर घोष अन्तर्गत कस्बा निवासी नाजिम अली (40) वर्ष सुबह घर के बाहर मंजन करते समय आकाशीय बिजली गिरने से मौत हो गयी। बताया जाता है कि सोमवार को सुबह समय लगभग 7 बजे अचानक तेज गड़गड़ाहट के साथ आकाशीय बिजली ऊपर गिर गयी। जिसके कारण मौके पर मौत हो गयी। मौत की घटना सुनते ही देखने वालों का तांता लग गया। परिजनों ने बताया कि एक सप्ताह पूर्व मुम्बई से अपने घर आया था। वहां परिवार का भरण-पोषण के लिए गया था। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### जनता से सीधा संवाद करेंगे पुलिस कप्तान

**किशनपुर।** कस्बे में मंगलवार को पुलिस अधीक्षक जनता से सीधा संवाद करेंगे। जिसमें जनता से पुलिस की कार्यशैली पर सवाल जवाब करेंगे। कस्बा स्थित एक मैरिज हाल में मंगलवार को यशटेन की बैठक में पुलिस अधीक्षक उदय शंकर सिंह जनता से संवाद करने पहुंचेंगे। पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में आयोजित होने वाली बैठक में हर बीट के करीब दस सदस्यों से जनता संवाद होगा। जिसमें पुलिस की कार्यशैली पर चर्चा होगी। बैठक का आयोजन ठीक तीन बजे शाम होना सुनिश्चित हुआ है। जिसको लेकर किशनपुर पुलिस लगातार क्षेत्र में घूम घूमकर कर लोगों को बैठक एकत्रित करने में लगी है।

### शिविर में चिह्नित किए गए मोतियाबिंद के मरीज

**जहानाबाद।** कस्बे के रामलीला मैदान में लगे नेत्र परीक्षण शिविर में 13 मोतियाबिंद के मरीज चिंहित किए गए। जिनका आपरेशन बुधवार को किया जाएगा। योग्य नेत्र चिकित्सक डा. डीडी वर्मा ने सहयोगियों के साथ आए लगभग आधा सैकड़ा नेत्र रोगियों के परीक्षण में 13 मरीज मोतियाबिंद के मिले। जिन्हें आपरेशन व लेन्स प्रत्यारोपित करने के लिए हास्पिटल बिन्दकी बुलाया गया। पारुल गुप्ता ने बताया कि सभी आए नेत्र रोगियों की जांच कर उन्हें नि:शुल्क दवाई और चश्मे दिए गए। मोतियाबिंद के मरीजों का नि:शुल्क आपरेशन एवं लेन्स प्रत्यारोपित योग्य डाक्टरों द्वारा आधुनिक पद्धति से किया जाएगा।

### जिलाधिकारी ने फरियादियों की शिकायतें सुनीं

**फतेहपुर।** जिलाधिकारी सी. इंदुमती ने कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनता दर्शन में दूर दराज क्षेत्र से आए हुए फरियादियों की समस्याओं को सरल एवं सहज भाव से सुना और फरियादियों को आश्वस्त किया कि समयबद्धता के साथ नियमानुसार शिकायतों का निस्तारण किया जायेगा। सोमवार को जनता दर्शन के दौरान 33 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। उन्होंने सम्बंधित अधिकारियों को प्रार्थना-पत्र में निर्देशित करते हुए कहा कि समय सीमा के अंतर्गत प्रार्थना पत्रों का निस्तारण किया जाए।

### उद्योग समिति की बैठक कल कलेक्ट्रेट में

**फतेहपुर।** उपायुक्त उद्योग जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र चंद्रभान सिंह ने बताया कि उद्यमियों की समस्याओं के समाधान के लिए जिला स्तरीय उद्योग बन्धु समिति की मासिक बैठक कल यानी 7 फरवरी को अपराह्न 3:00 बजे कलक्ट्रेट के महात्मा गांधी सभागार में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित होगी। जिसमें कई उद्यमी शामिल होंगे।

# अमौली ब्लॉक में हरी मिर्च तो भिटौरा में केला के लिए बनाया जाएगा क्लस्टर

## कृषि निर्यात को बढ़ावा देने के लिए जिलाधिकारी ने अधिकारियों को दिए कई निर्देश

**कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर**

**अमृत विचार।** कृषि निर्यात नीति-2019 के अंतर्गत कृषि निर्यात को बढ़ावा देने एवं प्रगतिशील किसानों को एफपीओ, एफपीसी, एनजीओ एवं अन्य हितधारकों की क्षमता निर्माण के लिए सोमवार को डीएम ने बैठक ली। जिसमें सम्बंधित विभागाध्यक्षों को दिशा निर्देश दिए गए।

कलेक्ट्रेट के महात्मा गांधी सभागार में जिलाधिकारी सी.इंदुमती की अध्यक्षता में बैठक संपन्न हुई। उन्होंने कृषि उत्पाद के निर्यात को दोगुना करने के लिए जिला क्लस्टर सुविधा इकाई के द्वारा अमौली ब्लाक में हरी मिर्च एवं केला के लिए भिटौरा ब्लाक के किसानों, एफपीओ को चिन्हित करते हुए क्लस्टर बनाकर कृषि निर्यात कराये जाने के निर्देश दिये। साथ ही जिला उद्यान अधिकारी एवं उपनिदेशक कृषि को निर्देशित किया कि इसके लिए ब्लाकों में जागरूकता शिविर का आयोजन कराएं। जिससे किसान जागरूक होकर अपनी आय बढ़ा सके। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी पवन कुमार मीना, उपायुक्त उद्योग चन्द्रभान सिंह, उपनिदेशक कृषि राम मिलन परिहार, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी नवल किशोर सचान, जिला उद्यान अधिकारी डा. रमेश पाठक, डीडीएम नाबार्ड प्रसून चन्द्र समेत अन्य सम्बंधित विभागाध्यक्ष आदि मौजूद रहे।



कलेक्ट्रेट के सभागार में दिशा निर्देश देतीं जिलाधिकारी सी.इंदुमती। अमृत विचार

### अवैध रूप से हो रहे व्यापार पर लगाएं अंकुश

- डीएम ने मण्डी समितियों के ऐसे लाइसेंसधारी जो मण्डी के नियमों के विपरीत जाकर मण्डी परिसर के बाहर अवैध रूप से व्यापार एवं किसानों से सीधा खरीद कर रहें हैं, उनको चिन्हित कर आवश्यक कार्यवाही कराने के लिए ज्येष्ठ कृषि विपणन निरीक्षक को निर्देश दिए।

### मलवां के पेड़े की जीआई प्रगति पर चर्चा

- कार्यक्रम में मलवां के पेडे के जीआई (भौगोलिक उपदर्शन) में पंजीकरण कराने की प्रगति पर चर्चा की गई। जिसमें डा. रजनी कान्त द्विवेदी, जीआई विशेषज्ञ द्वारा वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से प्रतिभाग किया गया और पेडा उत्पादकों की सोसाइटी बनाते हुए आवेदन की प्रकिया को पूर्ण कराने संबन्धी जानकारी दी गई। जिस पर जिलाधिकारी ने उपायुक्त उद्योग केन्द्र को दुग्ध विभाग के अधिकारियों से समन्वय कर आवेदन कराने की प्रक्रिया शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिये।

## हादसे में बाइक सवार महिला की मौत, पति घायल

**फतेहपुर।** मलवां थाना क्षेत्र के रारा पेट्रोल पम्प के समीप रविवार की देर रात अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से 45 वर्षीय महिला की घटनास्थल पर मौत हो गई। जबकि उसका पति गम्भीर रूप से घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है।

थाना क्षेत्र के धतुवापुर मजरे कांधी गांव निवासी 48 वर्षीय राम स्वरूप अपनी पत्नी राधा देवी के साथ बाइक से शहर मंदिर दर्शन के लिए आया था। देर शाम वापस लौटते समय जब वह रारा पेट्रोल पम्प के समीप पहुंचा तभी पीछे से तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दिया। जिससे पत्नी राधा देवी की घटनास्थल पर मौत हो गई। वहीं पति गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची सरकारी एंबुलेंस ने घायल को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया। वहीं पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेते हुए विच्छेदन गृह भेज दिया। घटना की जानकारी मिलने पर परिजनों में कोहराम मच गया।



क्रय केन्द्र में रखी धान की बोरी बारिश में भीगी। अमृत विचार

# 20 हजार बोरी सरकारी धान भीगा, लाखों का नुकसान

**संवाददाता, असोथर फतेहपुर**

- बौंडर क्रय केंद्र में रखी गई थीं धान की बोरियां, कर्मचारियों की लापरवाही सामने आई

**अमृत विचार।** असोथर क्रय केंद्र और बौंडर क्रय केंद्र में खुले आसमान के नीचे लगी सरकारी धान की लगभग बीस हजार बोरी भीग गई है। जिससे सरकार को लाखों रूपये का नुकसान हो गया है।

जिसमें बौंडर क्रय केंद्र में एसएमआई आशीष मिश्रा एक सप्ताह से छुट्टी में हैं। उनकी छुट्टी के कारण धान के बोरों को एफसीआई गोदाम व मिलर्स को नहीं पहुंचाया गया। जिसके कारण खुले आसमान के नीचे धान की बोरी लगी रहने से दो दिन से हो रही बारिश में भीग गई। जिससे सरकार को लाखों रूपये का नुकसान होने का अनुमान है।

इस संबंध में डिप्टी आरएमओ संजय श्रीवास्तव ने बताया कि जैसे जैसे मिलर्स चावल की लॉट एफसीआई गोदाम भेजते हैं। उसी प्रकार से क्रय केंद्रों से धान मिलर्स को भेजा जाता है। साथ ही खुले आसमान के नीचे धान खरीद के बोरियों को तिरपाल से ढकवाया गया है। तेज हवा के कारण खुल गए होंगे।

# खेत बेचने की बात तय कर किसान का हड़पा बयाना

**कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर**

- पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर शुरू की जांच पड़ताल
- खागा कोतवाली क्षेत्र के टेसाही बुजुर्ग का मामला

**अमृत विचार।** खेत बेंचने की बात तय कर किसान से बयाना के तौर पर ली रकम हड़पने के बाद दूसरों को खेत का बैनामा कर दिया। रकम वापस मांगने पर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस से शिकायत करने पर पुलिस ने रकम दिलाने के एवज में रिश्वत मांग ली। मामले में पुलिस ने पिता-पुत्र समेत चार लोगों के खिलाफ कोर्ट के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज की है।

खागा कोतवाली क्षेत्र के टेसाही बुजुर्ग निवासी रामू ने बताया कि गांव के मोतीलाल ने अपने तीन बीघा खेत 15 लाख में बेंचने की बात तय की। मोतीलाल ने 19 सितम्बर 2020 को 60 हजार रुपया बयाना के तौर पर लिया और डीएम से अनुमति लेने के बाद खेत का बैनामा करने को बोला। साल बीतने के बाद रामू ने बैनामा करने को कहा तो वह टाल मटोल करने लगा। इधर अनुमति लेकर दूसरों को बैनामा कर दिया। काफी समय बीत जाने के बाद अपनी रकम वापस मांगी तो मोतीलाल, बांकेलाल, सतेंद्र, बीरु, बीपी ने गाली गलौज कर झूठे मुक़दमे में फंसाने की धमकी दी। पुलिस से शिकायत करने पर पुलिस ने रिश्वत की मांग की। मामले में कोई कार्यवाई न होने पर कोर्ट की शरण ली। कोतवाल ने बताया कि मामले में रिपोर्ट दर्ज की गई हैं।

# मतदाताओं के घर-घर जाकर कहा, वोट जरूर डालिएगा

**संवाददाता, बिंदकी फतेहपुर**

**अमृत विचार।** आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर प्रशासन ने मतदाताओं को भी जागरूक करने का काम तेजी से शुरू कर दिया है। शत प्रतिशत मतदान के लिए लोगों को शपथ भी दिलाई जा रही है।

कस्बे के विभिन्न मोहल्ले में उपजिला अधिकारी तथा कई स्थानों में राजस्व टीम ने घर-घर जाकर मतदाताओं को जागरूक किया तथा अधिक से अधिक मतदान करने की शपथ भी दीलाई। आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर प्रशासन ने काम तेज शुरू कर दिया है। नगर के विभिन्न मोहल्ले में अधिकारियों तथा कर्मचारियों ने मिलकर मतदाताओं को जागरूक किया तथा अधिक से अधिक मतदान करने के लिए शपथ भी दिलाई। बिंदकी कस्बे के मोहल्ला हजरतपुर ठठराही में उप जिलाधिकारी स्वयं पहुंचे और राजस्व टीम के साथ मिलकर मतदाताओं को जागरूक किया। घर-घर जाकर अधिक से अधिक मतदान करने के लिए जागरुक किया। मोहल्ला लंका रोड, मीरखपुर तथा पुरानी बिंदकी में लेखपाल भान सिंह के नेतृत्व में मतदाताओं को जागरूक किया गया। बताया गया कि अधिक से अधिक मतदान करने से लोकतंत्र मजबूत होता है और मजबूत लोकतंत्र में ही सरकार अच्छा विकास करती है देश की उन्नति होती है



घर-घर अभियान चलाकर किया गया लोगों को जागरूक। अमृत विचार

- लोकसभा चुनाव में मतदान अवश्य करने को मतदाताओं को दिलाई गई शपथ

# क्षेत्र के सभी मतदान केंद्रों का कराया जाए भौतिक सत्यापन

**संवाददाता, बिंदकी फतेहपुर**

**अमृत विचार।** आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर प्रशासन तेजी से कार्य कर रहा है। सोमवार को तहसील के सभागार में उप जिलाधिकारी तथा पुलिस क्षेत्र अधिकारी ने अन्य अधिकारियों के साथ मिलकर एक बैठक की। बैठक में मौजूद पुलिस अधिकारियों तथा अन्य कर्मचारियों को निर्देश दिए गए। कहा कि सभी लोग अपने क्षेत्र के मतदान केंद्रों का भौतिक सत्यापन करें। एसडीएम अनिल कुमार यादव तथा पुलिस क्षेत्राधिकारी सुशील कुमार दुबे ने बैठक में आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर चर्चा की। उप जिला अधिकारी ने मौजूद लोगों से कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए सभी लोग अपने मतदान केंद्रों का भौतिक सत्यापन करें। यदि मतदान केंद्र में कोई कमी दिखाई देती है तो तुरंत अवगत कराएं। इसके अलावा संवेदनशील तथा अति संवेदनशील मतदान केंद्रो के बारे में भी जानकारी एकत्र करें और उसको भी अवगत कराएं। क्षेत्र में ऐसे लोगों की भी जानकारी एकत्र करें। चुनाव में जो लोग गड़बड़ी कर सकते हैं उनकी सूची बनाई जाए। बैठक में तहसीलदार अचिलेश सिंह, नायब तहसीलदार अमरेश सिंह सहित तमाम पुलिस अधिकारी व तहसील के कर्मचारी व ब्लाक क्षेत्र के कर्मचारी मौजूद रहे।

# प्रधानाध्यापक से मांगा स्पष्टीकरण

**कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर**

**अमृत विचार।** बेसिक शिक्षा अधिकारी पंकज यादव ने बीआरसी परिसर में स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय तेलियानी का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विद्यालय में कार्यरत अनुदेशक आकाश शुक्ला एवं अमित कुमार अनुपस्थित पाए गए। उक्त दोनों अनुदेशकों का आज की तिथि का मानदेय आहरित करने पर रोक लगाने की कार्यवाही की। विद्यालय में आज बच्चों की उपस्थिति बहुत कम पाई गई। जिस पर प्रधानाध्यापक से स्पष्टीकरण मांगा गया है। प्रधानाध्यापक द्वारा मौखिक रूप से आज मौसम खराब होने के कारण कम बच्चों को विद्यालय आने की बात बताई गई। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय के निरीक्षण में सीसीटीवी कैमरे फंक्शनल नहीं पाए गए। जिनके द्वारा विद्यालय में साफ सफाई की बेहतर व्यवस्था कराई जाने की बात कही गई। जिस पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने वार्डन को समस्त व्यवस्थाएं 3 दिन में दुरुस्त करने का निर्देश दिया।

**नौ से शुरू होंगे सांसद खेल:** सांसद खेल प्रतिस्पर्धा के तहत 14 वर्ष से कम उम्र के बच्चों की खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन 9 से 13 फरवरी के मध्य तहसील स्तर पर आयोजित किए जाएंगे। प्रतियोगिता में खो-खो, क्रिकेट एवं एथलेटिक्स के प्रतियोगिताएं आयोजित कराई जाएंगी। सोमवार को बेसिक शिक्षा अधिकारी ने तेलियानी विकासखंड में प्रगति के पंख कार्यक्रम का उद्घाटन किया।



प्रगति के पंख कार्यक्रम में जुटे लोग। अमृत विचार

### आरटीई के तहत फैलाई गई जागरुकता

- जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने विद्यालय में बताया कि अलाभित एवं दुर्बल आय वर्ग के बच्चों के लिए ऑनलाइन आवेदन 18 फरवरी तक स्वीकार किए जाएंगे। सभी नागरिकों से अपील है कि निर्धारित पात्रता रखने वाले बच्चों को उक्त पोर्टल पर अधिक से अधिक आवेदन के लिए प्रेरित करें।

# हड्डी के ऑपरेशन के लिए 12 हजार रुपये लेने का आरोप

**कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर**

- जिला अस्पताल में डॉक्टर के एजेंट ने तीमारदार से की वसूली
- प्राचार्य ने मामले को गम्भीरता से लेते हुए दिए जांच के आदेश

**अमृत विचार।** यदि आप जिला अस्पताल में यह सोचकर इलाज कराने जा रहे हो कि सब निःशुल्क होगा तो यह गलतफहमी होगी क्योंकि डॉक्टर के एजेंट इलाज और ऑपरेशन के नाम पर जमकर वसूली कर रहे हैं। ऐसे ही एक मामले का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है। जहां हड्डी के ऑपरेशन के नाम पर जिला अस्पताल में डॉक्टर का एजेंट एक मरीज के तीमारदार से 12 हजार रुपए मांगे। रुपये लेने के बाद किसी को बताने पर ऑपरेशन रोक देने की धमकी दे रहा है। अमृत विचार वीडियो की पुष्टि नहीं करता है।

पूरे मामले का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हुआ तो मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य ने सीएमएस को जांच का आदेश दिया है। वायरल वीडियो में साफ तौर पर देखा और सुना जा सकता है कि हड्डी के ऑपरेशन के नाम पर डॉक्टर का एजेंट जो अपना नाम दिलीप दुबे बता रहा है वह तीमारदार से ऑपरेशन के लिए 12 हजार रुपए मांग रहा है। जबकि तीमारदार 9-10 हजार रुपए देने की बात कह रहे हैं। एजेंट ने कहा कि सामान बाहर से लाना पड़ता है और डॉक्टर साहब को कुछ तो मिलना चाहिए। 58 सेकेंड के वीडियो में 12 हजार रुपए लेने के बाद एजेंट धमकी भी दे रहा है कि अगर किसी को कुछ बताया तो ऑपरेशन रोक दिया जायेगा। सीएमएस पीके सिंह ने बताया कि मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य ने दो डॉक्टरों की जांच टीम गठित की है।

## सार-संक्षेप

### बीच सड़क पर कार के बोनट पर काटे केक, वीडियो वायरल

**फतेहपुर।** कुछ युवकों ने बीच सड़क पर कार के बोनट पर केक काटे और जमकर आतिशबाजी कर हुड़दंग मचाया। इसका वीडियो भी सामने आया है। वीडियो के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की बात कह रही है। वीडियो सदर कोतवाली क्षेत्र के पक्का तालाब स्थित अटल बिहारी वाजपेयी पार्क के सामने का है। हालांकि अमृत विचार इस वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करता है। वीडियो में देखा जा सकता है कि किस तरह से बेखौफ होकर युवकों के द्वारा हुड़दंग किया जा रहा है। 22 सेकंड का यह वीडियो वायरल होने पर पुलिस छानबीन में जुट गई। बताया जा रहा है कि यह वायरल वीडियो एक दिन पहले का है। कोतवाली प्रभारी शमशेर बहादुर सिंह ने बताया कि कार के बोनट पर केक काटकर जश्न मनाने का एक वीडियो सामने आया है। वीडियो में दिख रहे युवकों को चिन्हित कर मुकदमा दर्ज किया जायेगा।

### मौरंग लदे वाहनों से इंट्री के नाम पर हो रही वसूली

**किशनपुर फतेहपुर।** खखरेरू थाना क्षेत्र में खुलेआम मौरंग भरे वाहनों से वसूली की जा रही है। प्रत्येक वाहनों से माहवारी का शुल्क बता दो से तीन हजार रुपये वसूले जा रहे हैं। पुलिस के इस रवैए से वाहन चालक परेशान हैं। खखरेरू थाने पर तैनात दो सिपाहियों की जोड़ी यह वसूली कर रहे हैं। थाने के इर्द-गिर्द मुख्य मार्ग पर मौरंग व ईंटों से भरे वाहनों पर इन दोनों की नजर रहती है। जैसे ही मौरंग व ईंटों से भरा वाहन निकलता है कि यह दोनों कार्यवाही का भय दिखा खुलेआम उनसे रुपयों की मांग करते हैं। कई वाहन चालकों ने बताया कि पुलिस द्वारा खुलेआम वसूली की जा रही है। कहते हैं बिना इंट्री के गाड़ियां नहीं चलेंगी। वहीं मामले पर थानाध्यक्ष खखरेरु प्रमोद कुमार राय का कहना है कि अगर ऐसा है तो दोषी पाए जाने पर कार्रवाई की जाएगी।

### हत्या की रिपार्ट दर्ज करने को लेकर परिजनों ने किया हंगामा

**फतेहपुर।** तीन दिन से लापता किसान की मौत के मामले में परिजनों ने हत्या का मुकदमा दर्ज करने की मांग को लेकर थाने में हंगामा किया। पुलिस ने पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद कार्रवाई का आश्वासन देकर परिजनों को शांत कराया। थाना क्षेत्र के मुसैदापुर गांव निवासी किसान सोनेलाल एक फरवरी को घर से निकला था। उसका शनिवार रात रसूलाबाद रेलवे लाइन किनारे से शव मिला था। किसान की पत्नी बदमिया देवी व ग्रामीण रविवार को थाने पहुंचे। थाने में हत्या किए जाने का शिकायती पत्र देकर रिपोर्ट दर्ज करने की मांग की। पुलिस पर हीलाहवाली बरते जाने का आरोप लगाकर हंगामा किया। थानाध्यक्ष रणजीत बहादुर सिंह ने परिजनों को कार्रवाई का आश्वासन देकर शांत कराया।

### नाली विवाद में दबंगों ने महिला को पीटा

**फतेहपुर।** नाली के विवाद में दबंगों ने एक महिला को लाठी डंडे से पीटकर गम्भीर रूप से घायल कर दिया। जिसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पीड़िता का आरोप रहा कि पुलिस को सूचना देने के बाद भी कोई कार्यवाही नहीं की। दबंग लोग जान से मारने की धमकी भी दे रहे हैं। मामला गाजीपुर थाना क्षेत्र के चक अल्लीपुर मजरे मोहनपुर गांव का है। यहां के रहने वाले होरीलाल ने बताया कि 31 जनवरी के दिन नाली सफाई को लेकर पड़ोसी से विवाद होने पर डायल 112 के पुलिस कर्मी मौके पहुंचे थे। पुलिस ने समझौता करा दिया था। दूसरे दिन पड़ोसी झुरी घर के बाहर आकर पत्नी को गाली गलौज कर हुए धक्का देकर गिरा दिया। उसके बाद झुरी के घर वाले मेरी पत्नी शबनम को लाठी डंडे से पिटाई कर घायल कर दिया। घायल पत्नी को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। पति ने आरोप लगाया कि इस मामले की शिकायत थाना पुलिस में किया तो कोई कार्यवाही नहीं हुई। दबंगो के द्वारा सुलह समझौता का दबाव बनाया जा रहा है और सुलह न करने पर जान से मारने की धमकी दी जा रही है।

### बाग में पेड़ पर लटका मिला युवक का शव

**फतेहपुर।** खागा कोतवाली क्षेत्र के विक्रमपुर गांव के समीप सेउडहरी बाग में एक युवक का पेड़ में लटकता शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फ़ैल गयी। परिजनों को सूचना मिलते ही कोहराम मच गया। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर शिनाख्त के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजवा दिया और जांच में जुट गयी। सुल्तानपुर घोष थाना अंतर्गत खरगूपुर गांव निवासी राजू पासवान (35) ने गांव के लगभग 20 किलोमीटर दूर खागा कोतवाली क्षेत्र के विक्रमपुर गांव के सेउडहरी बाग के एक पेड़ एक रस्सी से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। बताया जाता है कि सोमवार को सुबह पेड़ में लटकता हुआ शव मिलने से लोगों का तांता लग गया। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया।

**आंखें खोलिए सरकार** | किशनपुर से गुरुवल मार्ग बहा रहा बदहाली के आंसू, तीन-तीन मौरंग खदानों के गुजरते हैं सैकड़ों भारी वाहन

# साल में करोड़ों रुपये का राजस्व देने वाला मार्ग दलदल में तब्दील

**संवाददाता, किशनपुर फतेहपुर**

**अमृत विचार।** विजयीपुर क्षेत्र में सैकड़ों से अधिक गांवों को जोड़ने वाला इकलौता मुख्य मार्ग बदहाली के आंसू बहा रहा है। इस मार्ग से राहगीरों का निकलना दूभर हो गया है। देर रात हुई बारिश में इस मार्ग को दलदल में तब्दील कर दिया है।

किशनपुर से गुरुवल मार्ग क्षेत्र का इकलौता मुख्य मार्ग है जो साल में करोड़ों रुपए का राजस्व सरकार को देता है। बावजूद इसके भी यह मार्ग बदहाली के आंसू बहा रहा है। इसी मार्ग से तीन-तीन मौरंग खादान के वाहनों का भी आवागमन होता है। जबकि यह मार्ग रायपुर भसरौल, पहाड़पुर, गुरुवल, गढ़ीवा, मझिगवां, नेवाजपुर, जालंधरपुर, सेधरी, बिकौरा समेत करीब एक सैकड़ा से अधिक गांवों को जोड़ता है। हर वर्ष इस मार्ग में चलने वाले मौरंग खदानों से सरकार को करीब करोड़ों रुपए का राजस्व भी जाता है। फिर भी जनप्रतिनिधियों की अनदेखी से यह मार्ग ध्वस्त पड़ा है। सड़क पूरी तरीक़े से गायब हो चुकी है, बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं। मिट्टी से हल्की बारिश में वाहन फिसलने लगते हैं। गर्मी के दिनों में इस मार्ग से उड़ती धूल मुसीबत बनती है तो वहीं बरसात में दलदल बन जाती है।



बारिश के बाद दलदल में तब्दील किशनपुर से गुरुवल मार्ग। अमृत विचार



"यह मार्ग क्षेत्र का इकलौता मुख्य मार्ग है जहां प्रतिदिन सैकड़ों लोग आवागमन करते हैं। यह मार्ग ध्वस्त हो चुका है। जनप्रतिनिधियों की अनदेखी से यह मार्ग बर्बाद पड़ा है। इसी मार्ग से सरकार को प्रति वर्ष करोड़ों रुपए का राजस्व जाता है फिर भी इसको दुरुस्त कराने को जनप्रतिनिधि ध्यान नहीं देते।

**धर्मेंद्र दीक्षित,**
**अध्यक्ष सड़क संघर्ष समिति**



सड़क खराब होने की वजह से पांच किलोमीटर की दूरी करीब दो घंटे में तय होती है। क्षेत्र का यह इकलौता मुख्य मार्ग है। बारिश के दिनों में सड़क पर चलना जान जोखिम में डालने के बराबर है। स्थानीय विधायक द्वारा सड़क को दुरुस्त कराने के लिए कोई मांग नहीं की जा रही।

**-रामबहादुर सिंह,**
**समाजसेवी, मड़ौली"**

### बोले विधायक

"इस सड़क को दुरुस्त कराने के लिए शासन को पत्र भेज दिया गया है। शासन द्वारा मामले में संज्ञान भी ले लिया गया है, जल्द ही सड़क को दुरुस्त करने के लिए बजट मिलेगा और इस सड़क को सही कराया जाएगा।

**-कृष्णा पासवान, खागा विधायक**

### 40 वर्ष पूर्व बनी थी सड़क

- जनप्रतिनिधियों की यह अनदेखी क्षेत्र के लोगों के लिए भारी पड़ रही है। इस मार्ग का निर्माण आज से करीब 40 वर्ष पूर्व कराया गया था। इसके बाद से सड़क पर कई बार पैचिंग का काम किया गया लेकिन पैचिंग के काम में सिर्फ औपचारिकता निभाई गई। जिसकी वजह से आज सड़क के हालात बद से बदतर हो गए हैं। अब लगातार खागा विधानसभा सीट से जीत की हैट्रिक लगाने वाली क्षेत्रीय विधायिका कृष्णा पासवान पर सवाल उठने लगे हैं। क्षेत्र के लोगों का मानना है कि स्थानीय विधायक द्वारा शासन से सड़क निर्माण कराने के लिए बजट नहीं मांगा जा रहा है जिसकी वजह से इस मार्ग में निकलना दूभर हो चुका है।

# बेमौसम बारिश की बूंदों ने फसलों पर बरपाया कहर

## बीते 24 घंटे से रिमझिम बारिश से किसान परेशान, सड़कों पर कीचड़ से लोगों का निकलना हुआ दूभर

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** विकराल सर्दी, कोहरा, पाला उसके बाद एक बार फिर मौसम का मिजाज बिगड़ गया है। रविवार की सुबह से शुरू हुई रिमझिम बारिश सोमवार को भी जारी रही। बेमौसम बारिश से दलहन एवं तिलहन की फसलों समेत आलू फसल को तगड़ा झटका लग रहा है। वहीं शहरी क्षेत्र में बारिश से सड़कों पर फिसलन और गलियों में कीचड़ की समस्या से लोग परेशान नजर आए।

कई दिन पहले सर्दी में निकली चटक धूप से लोगों को राहत मिली थी, लेकिन रविवार सुबह से ही रिमझिम बारिश से दिक्कतें खड़ी हो गईं। बारिश होने से सबसे ज्यादा किसानों की धड़कने बढ़ी रहीं। किसान आसमान की ओर ताकते रहे कि कहीं अधिक बारिश हुई तो फसलों को सबसे अधिक नुकसान हो जाएगा।

हालांकि यह बारिश गेहूं की फसल के लिए वरदान बताई जा रही है। तिलहन एवं दलहन फसल को बारिश से नुकसान होने की आशंका है। बारिश होने से सर्दी में भी एक बार फिर इजाफा हो गया। सर्द हवाओं से बच्चे, बुजुर्ग घरों में कैद होकर रह गए। रुक रुककर हुई बारिश से सड़कों और गलियों का बुरा हाल हो गया। टूटी सड़कों के गड्ढों में पानी भरने से वाहन चालकों को मुसीबत का सामना करना पड़ा। बाजार पर भी बारिश का असर दिखाई दिया। जहां दोपहर तक ग्राहक न होने से सन्नाटा पसरा रहा।



बेमौसम बारिश से भट्ठा में भरा पानी और भीगी कच्ची ईंटें। अमृत विचार

### भट्ठा मालिकों को हुआ नुकसान

- बहुआ। बिन मौसम हुई बारिश से व्यापारियों और किसानों का लाखों का नुकसान होने का अनुमान है। लगातार बरसात के साथ किसान की फसल लाही, चना, मटर व भटठा मालिकों को भी तगड़ा नुकसान हुआ है। बारिश से कच्ची ईंटें पिघल गईं। इसके अलावा केला की फसलों को भी नुकसान हुआ है। बारिश के साथ हवा भी चलने से केले की पौध टूट गई।

### कई मोहल्लों में रही जलनिकासी की समस्या

- बारिश की वजह से शहर के कई मोहल्लों में पानी का निकास बंद होने से नाले का पानी सड़क पर आ गया। मुख्य डाकघर कार्यालय के सामने लबालब पानी भरा नजर आया। इसके अलावा श्यामनगर, राधानगर नई बस्ती आदि मोहल्लों में जलनिकासी की समस्या रही। बीते 24 घंटे से हो रही बारिश के कारण रोजाना कमाने खाने वाले रेहड़ी दुकानदारों को भी दिक्कतों का सामना करना पड़ा।



तैयार हो रही सरसों की फसल पर बारिश की मार। अमृत विचार

### क्या बोले किसान



गन्ना, केला, आलू, अरहर, सरसों समेत अन्य फसल उगाई जाती हैं। जिसमें कुछ तो बारिश से फ़सल चौपट हुई हैं जो बच भी जाती हैं उसे नीलगाय नष्ट कर देती हैं करीब जाने में नीलगाय हमला कर देती हैं। जिससे कई किसान घायल भी हो चुके हैं।

–अशोक सिंह, मानुपुर कुल्ली



बीती रात हुई तेज बारिश से कुछ फसलों का जहां फायदा हुआ तो कुछ का भारी नुकसान हो गया। बारिश होने से चना व सरसों के फूल झड़ जाने से फसल नष्ट होने का खतरा बढ़ गया है। इसी तरह से अन्य फूल वाली फसलों को नुकसान होने का अनुमान है।

–रमसन्ना, कोट



बड़ी मशक्त करने के बाद फसल को हर साल बचाया जाता है। कुछ तो अन्ना पशु फसल को चट कर जाते हैं। शेष बे–मौसम हुई बारिश से मसूर व चना का ज्यादा नुकसान हुआ है। इन फसलों में यह समय फूल आने का रहता है। बारिश से फूल झड़ जाने से फलियां कहां से लगेंगी।

–नरबद निषाद, चंदनमऊ



क्षेत्र में हुई तेज बारिश से हर किसान मायूस हुआ है। अभी भी मौसम को देखते हुए लोग बादल की तरफ निहार रहें हैं। फिलहाल अभी फ़सल से कोई खास नुकसान नहीं पहुंचा हैं। मौसम के अनुसार अगर ओलावृष्टि हो गई तो फिर हर तरह की फ़सल चौपट हो जाएगी।

–लाल बहादुर सिंह, दौलतपुर



ओपीडी के बाहर लगी मरीजों की भीड़। अमृत विचार

# बारिश में बढ़ी सर्दी से मरीजों की लगी लाइन

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** दिन में तेज चटक धूप और रात में हो रही सर्दी और बारिश के बाद सबसे ज्यादा खांसी जुकाम और त्वचा रोगियों की अस्पतालों में एक बार फिर भीड़ लगने लगी है। सरकारी अस्पतालों से लेकर निजी अस्पतालों में भी ऐसे मरीजों की भरमार है।

बदलते मौसम में सुबह शाम लापरवाही करना लोगों की सेहत पर भारी पड़ रहा है। बीते कई दिनों से दिन में हो रही तेज धूप और सुबह सर्द हवाओं ने लोगों की मुसीबतें बढ़ा रखी हैं। रात में सर्दी अधिक होने और दिन में मौसम सामान्य होने से इसका विपरीत प्रभाव लोगों के स्वास्थ्य पर पड़ रहा है। अस्पताल में जो मरीज इलाज के लिए आ रहे हैं उनमें सबसे ज्यादा खांसी जुकाम के साथ त्वचा रोगियों के हैं। जिला अस्पताल की ओपीडी में सोमवार को एक हजार से अधिक मरीजों ने ओपीडी के पर्चा काउंटर पर अपना रजिस्ट्रेशन कराया। ओपीडी में बैठे डाक्टरों ने मरीजों को अस्पताल की पैथोलॉजी में जांच कराने के बाद दवाएं देकर उनका उपचार किया। सर्दी से बीमार होकर अस्पताल आने वालों की भीड़ बढ़ी है। वरिष्ठ फिजीशियन डा. एनके सक्सेना का कहना है कि बदलते मौसम में सावधानी की जरूरत है। ऐसे में सुबह शाम लापरवाही न करें। अस्पताल आने वाले मरीजों में सबसे ज्यादा खांसी जुकाम, अस्थमा एलर्जी के रोगी। सभी उम्र के लोगों के साथ छोटे बच्चों की भी अच्छी खासी संख्या है।

# ससुर-साले ने दामाद के हड़प लिए 40 लाख रुपये

कार्यालय, संवाददाता फतेहपुर

- साले ने बहन और बच्चों को बंधक बनाकर की लूटपाट
- कोर्ट के आदेश पर खागा पुलिस ने दर्ज की रिपोर्ट

**अमृत विचार।** भट्ठा खोलने का झांसा देकर ससुर और साले ने दामाद का 40 लाख रुपया हड़प कर लिया। रुपया वापस न करने की शिकायत करने पर होमगार्ड साले ने बहन और बच्चों को बंधक बनाकर घर में लूटपाट की। मामले में पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज की है।

खागा कोतवाली क्षेत्र के नीम टोला निवासी संजय सिंह ने बताया कि भट्ठा चलाने के लिए ससुर ब्रम्हा सिंह और साले केसरन सिंह 40 लाख रुपयों की मांग की और पांच वर्ष बाद 50 लाख रुपया वापस करने को बोला। संजय सिंह ने 11 अक्टूबर 2015 से 16 सितम्बर 2021 तक ससुर और साले को नगद और खाते में 40 लाख रुपया ट्रांसफर किया। जिसमें 22 लाख 80 हजार नगद और 17 लाख 20 हजार नगद दिया। पांच वर्ष पूरे होने के बाद पीड़ित ने जब ससुर और साले से रुपया वापस मांगा तो टाल मटोल करने लगे। काफी समय बीत जाने के बाद पीड़ित ने मामले की शिकायत पुलिस से की। इसकी जानकारी साले केसरन सिंह को हुई तो वह अपने पांच असलहाधारियों के साथ हत्या करने की नियत से उसके घर पहुंचा। वह घर पर नहीं थे। आरोपियों ने पत्नी और बच्चों से मोबाइल छीनकर उन्हें ऊपर कमरे में बंद कर दिया। इसके बाद घर में लूटपाट कर भाग गए। मामले की शिकायत पीड़ित ने पुलिस से की कोई कार्यवाई न होने पर कोर्ट की शरण ली। कोतवाल ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज की गई है।

# डीसीएम की तेज टक्कर से ई-रिक्शा चालक घायल

**थरियांव फतेहपुर।** शहर मुख्यालय से थरियांव जा रहे ई-रिक्शा चालक को उल्टे साइड सामने आ रही डीसीएम ने जोरदार टक्कर मार दिया। टक्कर लगते ही ई-रिक्शा चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने सरकारी एंबुलेंस से घायल को इलाज के लिए जिला अस्पताल भेज दिया।

सदर कोतवाली क्षेत्र के पीरनपुर निवासी जितेंद्र कुमार फतेहपुर से थरियांव भाड़ा लेकर जा रहा था। जैसे ही थरियांव थाने नेशनल हाईवे के सामने पहुंचा तो उल्टे साइड से सामने से आ रही तेज रफ्तार डीसीएम ने जोरदार टक्कर मार दिया। टक्कर लगते ही ई रिक्शा चालक गंभीर घायल हो गया। डीसीएम चालक मौके से भाग गया। वहीं थाना अध्यक्ष रणजीत बहादुर सिंह ने बताया कि, डीसीएम को कब्जे में ले लिया गया है।

# जिलाधिकारी ने मतदान जरूर करने पर दिया जोर

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

- खादी ग्रामोद्योग भवन में चला मतदाता जागरुकता अभियान
- सरस्वती शिशु मंदिर चौक में हुई पोस्टर प्रतियोगिता

**अमृत विचार।** स्वीप कार्यक्रम के तहत सोमवार को जिलाधिकारी सी. इंदुमती के मार्गदर्शन में इंडियन रेडक्रास सोसाइटी व डॉ सत्यनारायण सेवा फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में मतदाता जागरुकता कार्यक्रम कराया गया। जिसमें लोगों को मतदान अवश्य करने पर जोर दिया गया।

चेयरमैन व स्वीप आइकॉन डॉ. अनुराग श्रीवास्तव द्वारा ग्राम सेवा संस्थान खादी ग्रामोद्योग भवन में मतदाता जागरूकता अभियान व सरस्वती शिशु मंदिर चौक में मतदाता जागरूकता पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित कराई गई। उन्होंने खादी भवन में सूत कातने वाली महिलाओं व पुरुषों को मतदान के लिए स्वयं के प्रेरित करने के साथ साथ अन्य लोगों को प्रेरित करने के लिये अपील की। वहीं सभी को मतदाता शपथ भी दिलाई गई।

सभी 65 लोगों को मास्क, रोग प्रतिरोधक क्षमता विकसित करने में सहायक होमियोपैथिक औषधि व साबुन प्रदान किया गया। मतदाता जागरूकता पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम सृष्टि, द्वितीय काव्या व तृतीय स्थान पर अंकिता रही। इस अवसर पर ग्राम सेवा संस्थान के अध्यक्ष मेवाराम कटियार, मंत्री सतेंद्र सिंह, रणविजय सिंह, सन्तोष सिंह, आलोक, सरस्वती शिशु मंदिर के प्रधानाचार्य उमाकांत, कार्यालय अधीक्षक शैलेन्द्र त्रिपाठी सहित सुरेश श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे।

# मंदिर निर्माण होने पर भीम आर्मी ने जताया विरोध, ज्ञापन देने पहुंचे

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** शहर के डॉक्टर भीमराव आंबेडकर राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय परिसर में बन रहे मंदिर का भीम आर्मी भारत एकता मिशन ने विरोध दर्ज कराया है। जिला संयोजक के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट परिसर पहुंचकर डीएम के नाम ज्ञापन देते हुए सरकारी स्कूल के अंदर मंदिर निर्माण कार्य को बन्द करने की मांग किया है।

भीम आर्मी भारत एकता मिशन के जिला संयोजक शिव कुमार के नेतृत्व में सोमवार को तमाम कार्यकर्ता कलेक्ट्रेट पहुंचे। जिलाधिकारी को दिए गए ज्ञापन में उन्होंने बताया कि विद्यालय के अंदर मंदिर का निर्माण अवैध है। विद्यालय में विभिन्न धर्म के लोगों की बच्चियां शिक्षा ग्रहण करती हैं। अवैध रूप से हो रहे मंदिर निर्माण पूरी तरह से गलत है। सरकारी विद्यालय के अंदर मंदिर बनाने से छात्राओं के शिक्षा पर असर पड़ेगा। डीएम से मांग की गई कि विद्यालय के अंदर बन रहे मंदिर के निर्माण कार्य को बन्द किया जाए। जो निर्माण कार्य हो चुका है उसको तोड़कर हटाया जाए। क्योंकि विद्यालय में सभी धर्म के बच्चे पढ़ते हैं। इस मौके पर सूरज जाटव, देवेंद्र, आजम, दिनेश सहित तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।



ज्ञापन देने जाते भीम आर्मी के पदाधिकारी। अमृत विचार

- डॉ. भीमराव आंबेडकर राजकीय महिला महाविद्यालय में बन रहा मंदिर

# मच्छरों के 'डंक' से बचाने की कवायद

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

- फरवरी के पहले पखवारे से ही हमला हुआ तेज
- मलेरिया विभाग ने बनाना शुरू किया एक्शन प्लान

**अमृत विचार।** मच्छरों के हमले से बचने के लिए लोगों को अभी से तैयारी करनी होगी। अमूमन मार्च के दूसरे सप्ताह में मलेरिया का प्रकोप अधिक रहता है, लेकिन फरवरी से ही मच्छरों के पनपने का सिलसिला शुरू हो चुका है। उधर, मलेरिया विभाग ने भी एक्शन प्लान बनाना शुरू कर दिया है।

इस बार फरवरी में बारिश हुई। लिहाजा लंबे समय तक मच्छरों के लार्वा को पनपने के लिए अनुकूल माहौल मिल गया। मच्छरों से बचाव के लिए मलेरिया विभाग ने कमर कस ली है। मच्छरजनित रोगों की रोकथाम का एक्शन प्लान बनाना शुरू कर दिया है।

> आशाओं के माध्यम से ग्राम प्रधानों को एंटीलार्वा उपलब्ध कराया जा रहा है। फरवरी के दूसरे पखवारे से गांव-गांव फागिंग शुरू करा दी जाएगी।
>
> –सुजाता ठाकुर, जिला मलेरिया अधिकारी

मलेरिया विभाग के मुताबिक, मच्छर 22 से 30 डिग्री सेल्सियस के तापमान में पनपते हैं। तापमान के 35 डिग्री सेल्सियस पहुंचने तक मच्छरों को पनपने के लिए अनुकूल माहौल बना रहता है। मई के अंतिम सप्ताह अथवा जून में ही तापमान अधिक होने के बाद मच्छरों से निजात मिलने की उम्मीद है। फिलहाल जिले में अभी मलेरिया का कोई केस नहीं मिला है।

**मच्छरजनित रोग और उनके लक्षण:** मच्छरों के काटने के बाद सर्दी लगना, बुखार आना, उल्टियां, थकावट, सिरदर्द, बदन दर्द, हार पैर में ऐठन आदि लक्षण होते हैं। मच्छरों के काटने से फाइलेरिया, जापानी इंसेफेलाइटिस, डेंगू, चिकनगुनिया, जीका आदि रोग हो सकते हैं। इन रोगों से ग्रसित व्यक्ति को काटने के बाद वही मच्छर अगर दूसरे व्यक्ति को काट लें तो वह भी संक्रमित हो जाता है।

# चारा काटने गई महिला से दुष्कर्म की कोशिश

**फतेहपुर।** खेत पर चारा काटने गई महिला से युवक ने दुष्कर्म का प्रयास किया। विरोध करने पर गाली गलौज और जान से मारने की धमकी देकर भाग निकला। पुलिस मामला दर्ज कर जांच में जुटी है।

कल्यानपुर थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली महिला शनिवार को खेत चारा काटने गई थी। खेत पर सास और ससुर पानी लगाए थे। चित्तापुर गांव निवासी अरुण खेत पर पास पहुंचा। उसके साथ दुष्कर्म का प्रयास किया। विरोध करने पर महिला को जान से मारने की धमकी दी। वह किसी तरह महिला अरुण के चंगुल से छूटकर खेत के बाहर आई। वह पानी लगाए सास-ससुर के पास पहुंची। सास से आपबीती बताई। सास से भी अरुण ने गाली गलौज और जान से मारने की धमकी दी। प्रभारी निरीक्षक रमाशंकर सरोज ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी की तलाश की जा रही है। शीघ्र ही आरोपी को गिरफ्तार किया जाएगा।

अच्छी पहल — अटल आवासीय विद्यालय में प्रवेश को 10 तक करें आवेदन, सीबीएसई बोर्ड की तरह नि :शुल्क शिक्षा का प्रावधान

# रजिस्टर्ड श्रमिकों के पाल्यों को बेहतर शिक्षा देने को बढ़े कदम

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के बालक, बालिकाओं तथा कोविड-19 से अनाथ हुए बच्चों को बेहतर शिक्षा प्राप्त करने का अच्छा मौका है। अटल अवासीय विद्यालय में इन बच्चों को प्रवेश दिला कर सीबीएसई पैटर्न पर निःशुल्क शिक्षा प्रदान की जाएगी।

सहायक श्रमायुक्त सुमित कुमार ने बताया कि उप्र सरकार द्वारा स्थापित अटल आवासीय विद्यालय के शिक्षा सत्र 2024-25 में कक्षा- 6 में 140 तथा कक्षा-9 में 140 सीटों पर प्रवेश के लिए प्रवेश परीक्षा आयोजित होना है। प्रत्येक राजस्व मण्डल में सीबीएसई पैटर्न पर आवासीय सुविधाओं सहित निःशुल्क शिक्षा देने के लिए अटल आवासीय विद्यालय बनाए गए है। प्रयागराज मण्डल में अटल आवासीय विद्यालय प्रयागराज के कोरांव तहसील के ग्राम बेलहट में है। अटल आवासीय विद्यालय में उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड के अंतर्गत 31 दिसम्बर 2020 या इसके पूर्व में पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के बालक व बालिकाओं तथा कोविड-19 से अनाथ हुए बच्चों, जिनका महिला एवं बाल कल्याण विभाग में पंजीयन हो अथवा मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के पात्र बच्चों को आवासीय सुविधाओं सहित निःशुल्क शिक्षा दी जाएगी। आवेदन मिलने के बाद प्रवेश परीक्षा तीनों तहसीलों खागा, बिन्दकी एवं सदर में होगी। आवेदन पत्र के साथ बालक-बालिका के आधार कार्ड, अभिभावक के आधारकार्ड तथा श्रम कार्ड की छायाप्रति संलग्न करना जरूरी है। किसी भी असुविधा के लिए कार्यालय सहायक श्रमायुक्त, के मोबाइल नम्बर 8924806397, 9889100573 पर सम्पर्क किया जा सकता है।




### ये रखी गई है योग्यता

- शिक्षा सत्र 2024-25 में कक्षा-6 में प्रवेश के लिए बालक-बालिका की जन्मतिथि 1.5 .2012 से पूर्व एवं 31.07 .2014 के बाद नहीं होनी चाहिए। कक्षा-09 में प्रवेश के लिए इच्छुक बालक-बालिका की जन्मतिथि 1.05 .2009 से पूर्व एवं 31.07 .2014 के बाद नहीं होनी चाहिए। जिसमें सीटों के स्थानों में 27 प्रतिशत अन्य पिछड़ा वर्ग, 21 प्रतिशत अनुसूचित जाति एवं 02 प्रतिशत अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थियों के लिए आरक्षण का प्राविधान है। साथ ही दिव्यांग बच्चों के लिए आरक्षण का प्राविधान है।

### यहां से प्राप्त करें आवेदन फॉर्म

- प्रवेश के लिए इच्छुक पंजीकृत निर्माण श्रमिक कार्यालय सहायक श्रमायुक्त, आवास विकास, आबूनगर रोड, कार्यालय जिला विद्यालय निरीक्षक, कार्यालय, बेसिक शिक्षा अधिकारी तथा सभी खण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय से आवेदन फॉर्म प्राप्त एवं जमा कर सकते हैं। आवेदन जमा करने की अन्तिम तिथि 10 फरवरी 2024 है।



# बारिश से पूरी रात गुल रही जिले की बिजली

## शहर की अंडरग्राउंड केबिल भी दे गई दगा, कई जगह दूसरे दिन भी नहीं हो सकी आपूर्ति

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- खराब मौसम में फाल्ट ठीक करने ही नहीं पहुंचे लाइनमैन
- ग्रामीण इलाकों में बारिश शुरू होते ही बंद की आपूर्ति

**अमृत विचार।** रविवार को हुई बारिश ने बिजली व्यवस्था की पोल खोल दी। अंडरग्राउंड केबिल दगा दे जाने से पूरे जिले की बिजली रात भर गुल रही। कई जगह तो दूसरे दिन भी आपूर्ति बहाल नहीं हो सकी। सबसे खराब हाल देहात क्षेत्र का रहा, जहां मौसम खराब होने से लाइनमैन फाल्ट ठीक करने ही नहीं गए।

जिले की बिजली व्यवस्था सुधारने और 24 घंटे आपूर्ति के लिए तिर्वा व कन्नौज में अंडरग्राउंड केबिल डाली जा चुकी है। इसके लिए शासन से तीस करोड़ रुपये और स्वीकृत किए गए हैं। करोड़ों की राशि खर्च होने के बाद रिमझिम बारिश में व्यवस्थाओं की पोल खोल कर रख दी। रविवार की शाम बारिश शुरू होते ही ताबड़तोड़ फाल्ट होते ही पूरे जिले की बिजली गुल हो गई।

शहरी क्षेत्रों में बारिश के चलते हुए फाल्ट को ठीक करने के लिए लाइनमैन ही नहीं पहुंचे। इससे उन मोहल्लों में पूरी रात बिजली गुल रही। मोहल्ला गदनपुरबड्डू में रात से गई बिजली सोमवार को भी ठीक नहीं हो सकी। इससे लोगों को पीने के पानी की भी दिक्कत हुई। एक्सईएन मगन सिंह का कहना है कि बारिश से कई स्थानों पर फाल्ट हुए, जंफर उड़ गये। कहीं पर पोल झुकने तो कहीं पर बिजली लाइन के ऊपर पेड़ की डाली आ जाने से बिजली गुल रही। सुबह होने पर पेट्रोलिंग करा कर फाल्ट की खोज कराई गई और फाल्ट दुरुस्त करने का काम शुरू किया गया। धीरे-धीरे आपूर्ति दुरुस्त की जा रही है। समाचार लिखे जाने तक कई स्थानों पर फाल्ट ठीक किए जाने का काम चल रहा था।

ग्रामीण क्षेत्र से जुड़े उपकेंद्रों से तो बारिश शुरू होते ही बिजली आपूर्ति बंद कर दी गई। उपकेंद्रों पर तैनात एसएसओ पूरी रात यह इंतजारी करते रहे कि बारिश बंद हो तो बिजली को चालू किया जाये। कुछ एसएसओ ने बारिश के दौरान बिजली चालू की तो फाल्ट हो गया। इससे वह पूरी रात शांति से सोते रहे। सुबह होने पर लाइनमैन को बुला कर फाल्ट को ठीक कराया। इसके बाद लोगों को बिजली दी जा सकी।



मेटरनिटी विंग के बाहर खड़े मरीज। अमृत विचार

### मेडिकल कालेज समेत 70 गांवों की बिजली गुल

**तिर्वा।** बारिश के दौरान मेन लाइन मे फाल्ट आ जाने के कारण मेडिकल कालेज समेत करीब 70 गांव की विद्युत व्यवस्था चरमरा गई। रविवार की रात हुई बारिश के दौरान मेनलाइन में फाल्ट आने से इलाके की बिजली गुल हो गई। सरकार ने मेडिकल कालेज को 24 घंटे बिजली देने के निर्देश दिए हैं। बिजली न आने से हो रही परेशानियों को देख मेडिकल कालेज प्रशासन ने करीब 15 घंटे जनरेटर चलवाकर मरीजो को बिजली आपूर्ति कराई ।सीएमएस डा. दिलीप सिह ने बताया कि करीब 15 घंटे जनरेटर चलवाना पडा। एसडीओ कुलदीप राजपूत ने बताया कि रिफाइनरी व उसके पास मेनलाइन मे फाल्ट आया था, जिसे सही करा दिया गया है। बिजली आपूर्ति ठप होने के बाद भी सीएचसी के मेटरनिटी विंग मे प्रसूताएं अंधेरे में रहीं ।

## महिला पुलिस ने चलाया एंटी रोमियो अभियान

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** महिला पुलिस ने सोमवार को नगर में एंटी रोमियों अभियान चलाया। इस दौरान महिला पुलिस कर्मियों ने महिलाओं, युवतियों, छात्राओं को जानकारी देकर जागरूक किया। कोतवाली पुलिस ने महिला सशक्तिकरण व महिला सुरक्षा को लेकर नगर के फर्रुखाबाद रोड, चौराहा, तिराहा, तिर्वा रोड, चकोर गली में अभियान चलाया, जिसमें पुलिस ने महिला सशक्तिकरण, महिला सुरक्षा, महिला हेल्पलाइन 1090, ऑनलाइन शिकायत दर्ज करने की वेबसाइट यूपी कॉप आदि की जानकारी दी।

एंटी रोमियो अभियान चलाकर महिलाओं को जागरूक किया और अराजकतत्वों की तलाश की। इस दौरान महिला कांस्टेबल शशि प्रभा, कामिनी सिंह, कस्बा प्रभारी रोबिन सिंह मौजूद रहे।



सड़क पर प्रदर्शन करते ग्रामीण। अमृत विचार

## सड़क पर भरे बारिश के पानी से ग्रामीणों में रोष

**छिबरामऊ, कन्नौज।** हल्की-फुल्की बारिश से ही रामपुर निगोह की सड़के जलमग्न हो गईं। कीचड़ और जलभराव से निकलने में हो रही समस्या को देख ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन करते हुए सड़क को दुरुस्त कराए जाने की मांग की है। विकासखंड क्षेत्र के रामपुर निगोह निवासी राजू गुप्ता, रंजीत गुप्ता, अमन गुप्ता, नीलू गुप्ता, आलोक गुप्ता, सोनू गुप्ता, नेत्रपाल ठाकुर, रानू ठाकुर, अशोक गुप्ता, हरविलास ठाकुर, शिवकुमार ठाकुर व सुरेश गुप्ता सहित कई कई ग्राम वासियों ने विरोध प्रदर्शन करते हुए बताया कि बारिश के कारण रोड पर जलभराव एवं कीचड़ जैसी स्थिति हो गई है, यहां से गुजरने वाले लोग चोटिल हो रहे हैं या उनके कपडे खराब हो जाते हैं। सभी ग्राम वासियों ने विरोध प्रदर्शन कर रोड को दुरुस्त किए जाने की मांग की है।

## विवाहिता की मौत, हत्या का आरोप

संवाददाता, छिबरामऊ, कन्नौज



अंजलि।



अस्पताल में मौजूद परिजन। अमृत विचार

**अमृत विचार।** नगला दिलू स्थित सौ शैया अस्पताल में उपचार के दौरान सोमवार को एक विवाहिता की मौत हो गई। मामले की जानकारी पाकर पहुंचे मायके पक्ष ने ससुरालवालों पर दहेज की मांग को लेकर हत्या किए जाने का आरोप लगाया है। उन्होंने पुलिस को प्रार्थनापत्र देकर कार्रवाई की मांग की है।

थाना तालग्राम क्षेत्र के ग्राम धिंगपुर निवासी मोहित की पत्नी अंजलि की सोमवार को नगर के सौ शैया अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। मामले की जानकारी होते ही अस्पताल पहुंचे मृतक महिला के मायके पक्ष से जिला फर्रुखाबाद थाना नवाबगंज के ग्राम भारत नगर निवासी पिता ओमकार पुत्र रामेश्वर दयाल ने ससुरालपक्ष पर दहेज की मांग कर बेटी को प्रताड़ित करने तथा सोची समझी साजिश के तहत उसकी हत्या कर शव गायब करने की कोशिश करने का आरोप लगाया। उन्होंने पुलिस को प्रार्थनापत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। वहीं, पति का कहना है कि पिछले काफी समय से अंजलि ब्लड कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से जूझ रही थी और उसका इलाज बाहर से चल रहा था। सोमवार को उसकी अचानक तबीयत ज्यादा बिगड़ गई, तब आनन-फानन में उसे उपचार के लिए सौ शैया अस्पताल लेकर पहुंचे। यहां कुछ देर चले प्राथमिक उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद उसके आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

## रंजिश में दबंग ने भाई-बहन को पीटकर किया घायल

**छिबरामऊ, कन्नौज।** रंजिश में दबंग ने भाई-बहन को मारपीट कर घायल कर दिया। कार्रवाई के लिए पुलिस को तहरीर दी गई है। चौकी कसावा के ग्राम भारापुर निवासी राखी पत्नी सर्वेश कुमार जाटव ने बताया कि गांव का दबंग छोटू रंजिश मानता है। सोमवार की शाम 4 बजे देवर रंजीत दरवाजे पर बैठा था। तभी छोटू आकर गाली गलौज करने लगा। विरोध करने मारपीट करने लगा। शोरगुल की आवाज सुन बचाने गई ननद ज्योति को भी मारपीट कर घायल कर दिया। मौके पर कई लोगों के आ जाने पर छोटू जान से मार देने की धमकी देता हुआ भाग गया। राखी ने पुलिस को तहरीर देकर आरोपी पर कार्रवाई की मांग की है।

## खुलासा : कोर्ट परिसर में गोली चलाने में तीन आरोपी गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- सीओ सदर ने पुलिस लाइन में किया मामले का खुलासा
- हत्यारोपी को मारने के लिए आदेश ने चलाई थी गोली

**अमृत विचार।** न्यायालय परिसर में अधिवक्ता चेंबर के निकट दो फरवरी को चाचा के हत्यारोपी पर गोली चलाने के मामले का पुलिस ने खुलासा कर दिया। इसमें शामिल तीन अन्य आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

क्षेत्राधिकारी नगर कमलेश कुमार ने पुलिस लाइन में मामले का खुलासा करते हुए बताया कि दो फरवरी को जिला न्यायालय परिसर में गोली चलाने की घटना के संबंध में आदेश पुत्र पिन्टू उर्फ नरायणदास निवासी कटरा कोतवाली कन्नौज को देशी तमंचा व 315 बोर के गिरफ्तार किया गया था। इसके अलावा आपराधिक षडयंत्र रचने में पुलिस ने आरोपी मोहित पुत्र सोवरनलाल निवासी गोधनी कोतवाली जिला कन्नौज, शिवकुमार पुत्र दुलारे निवासी कटरा कोतवाली जिला कन्नौज को भी गिरफ्तार कर लिया। मामले में सदर कोतवाली में धारा 3/25 आर्म्स एक्ट धारा 307, धारा 120बी/34 भादवि की वृद्धि की गई। कटरा गांव निवासी आदेश के चाचा की 2022 में फावड़ा मार कर हत्या कर दी गई थी। इसमें चार आरोपी बनाये गये थे। इसमें तीन को जमानत भी मिल चुकी है। दो फरवरी को आरोपी चंदन इसी केस के संबंध में न्यायालय आया था। साजिश के तहत आदेश तमंचा लेकर कोर्ट पहुंचा। वह तमंचे को छिपाकर अपने चाचा के हत्यारोपी चंदन को खोजता रहा। जैसे ही वह दिखा तो आदेश तमंचा उठा लाया और चंदन पर गोली चला दी। हमले में चंदन बाल बाल बच गया। मामले की जांच में पाया गया कि इस साजिश में आदेश पुत्र पिन्टु उर्फ नरायणदास निवासी ग्राम कटरा थाना कोतवाली कन्नौज, मोहित पुत्र सोवरनलाल निवासी ग्राम गोधनी थाना कोतवाली कन्नौज, शिवकुमार पुत्र दुलारे निवासी ग्राम कटरा थाना कोतवाली कन्नौज भी शामिल हैं। पुलिस ने तीनों को गिरफ्तार कर लिया।

## चौदह पोलों से एचटी लाइन का तार चोरी

**गुरसहायगंज।** खराब मौसम के कारण बाधित हुई विद्युत आपूर्ति का फायदा उठाकर चोरों ने रविवार की रात लगभग 14 पोल से एचटी लाइन का तार चोरी कर लिया। नौरंगपुर क्षेत्र में रविवार की रात चोरों ने बिजली न आने का फायदा उठाकर लगभग 14 विद्युत पोल से एचटी लाइन का तार चोरी कर दिया। सोमवार की सुबह पोल पर तार कटे देख ग्रामीणों ने इसकी सूचना लाइनमैन को दी। लाइनमैन ने मौके पर पहुंचकर देखा और तार चोरी हो जाने की सूचना अधिकारियों को दी। जेई भूपेंद्र कौशल ने बताया कि चोर मुर्रा बाग से मुर्रा गांव तक एचटी लाइन के सात पोल से तीनों तार काट ले गए, जबकि ग्राम सौंसरापुर से तालाब तक सात पोल के तार भी चोरी हुए है। बताया कि सूचना कोतवाली पुलिस को दे दी गई है।



जरूरतमंदों को कंबल वितरण करते रजत त्रिपाठी। अमृत विचार

## मदद : समर्थ चैरिटेबल ट्रस्ट ने वितरित किए कंबल

**छिबरामऊ, कन्नौज।** समर्थ चैरिटेबल ट्रस्ट ने वस्त्र एकत्रीकरण और वितरण अभियान के तहत सोमवार को जरूरतमंदों को कंबल बांटे। ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने कहा कि ट्रस्ट लोगों की मदद में हमेशा तत्पर रहेगा।

शहर के हंस मार्केट में ट्रस्ट के वस्त्र एकत्रीकरण वितरण स्टाल पर कंबल वितरण किया गया। ट्रस्ट के सचिव रजत त्रिपाठी ने कहा कि ट्रस्ट की ओर से अब तक 200 से ज्यादा लोगों को गर्म वस्त्र मुहैया कराए गए हैं. पिछले साल भी अभियान चलाया गया था। डॉ.मनोज अवस्थी ने ट्रस्ट के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि अचानक सर्दी बढ़ गई है, ऐसे में ट्रस्ट की ये मदद जरूरतमंदों को बड़ी राहत देगी।

वस्त्र वितरण प्रभारी डॉ. डीके राय ने कहा कि ट्रस्ट लोगों की मदद जारी रखेगा। उन्होंने अभियान में सहयोग करने वालों का आभार जताया। इस दौरान कैंप कार्यालय प्रभारी गुड्डू अग्निहोत्री, स्वच्छता अभियान प्रभारी संतोष पांडेय (पिंकू), अखिलेश दीक्षित, अमन, नितिन, आकाश, कृपाल सिंह, ज्ञान सिंह, फिराकी लाल, सरला देवी मौजूद रहे।

## पुनरीक्षण अभियान के दौरान 'गुजर' गए 2392 बुजुर्ग

अमृत विचार विशेष

अभिषेक द्विवेदी, कन्नौज

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव के लिए विशेष मतदाता पुनरीक्षण अभियान चलाया गया, जिसमें पता चला कि अक्टूबर 2023 से जनवरी 2024 के बीच 2392 बुजुर्ग 'गुजर' गए। यही वजह है जब मतदाता सूची का अनंतिम प्रकाशन किया गया तो उसमें 80 साल से अधिक के बुजुर्गों की संख्या 24,982 थी, जब 23 जनवरी को अंतिम प्रकाशन किया गया तो जिले की तीनों तहसीलों में बुजुर्ग मतदाताओं की संख्या घटकर 22,590 रह गई।

जिला प्रशासन ने लोकसभा चुनाव की तैयारियां तेज कर दीं हैं। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर सबसे पहले विशेष मतदाता पुनरीक्षण अभियान चलाया गया, जिसमें बीएलओ ने घर-घर जाकर सर्वे किया। आयोग ने बुजुर्गों और दिव्यांगों के लिए विशेष अभियान चलाया था, जिसमें बुजुर्गों के प्राथमिकता के आधार पर वोट बनाए गए। जिनके वोट पहले बने थे, उनका भौतिक सत्यापन किया गया। दिसंबर 2023 में जब मतदाता सूची की ड्राफ्टिंग की गई तो जिले की तीनों तहसीलों में बुजुर्ग मतदाताओं की संख्या 24,982 थी। इसके बाद भी सर्वे का काम चलता रहा और 23 जनवरी 2024 को जब जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल ने अंतिम प्रकाशन किया तो 2392 बुजुर्ग मतदाता घटकर 22,590 रह गए।



प्रतीकात्मक।

- जनपद की तीनों तहसीलों में 80 साल से अधिक के 22,590 मतदाता
- प्रारूप 12डी के तहत मिलेगी बुजुर्गों को घर बैठे वोट देने की सुविधा
- निर्वाचन आयोग ने किया विशेष प्रावधान, घर-घर किया गया था सर्वे

### बुजुर्गों को मिलेगी घर बैठे वोट देने की सुविधा

निर्वाचन आयोग ने 80 साल से अधिक के बुजुर्ग मतदाताओं के लिए घर बैठे वोट देने की सुविधा प्रदान की है। सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी के मुताबिक बीएलओ को एक प्रारूप 12डी दिया जाएगा, जिसमें वृद्ध मतदाता को विकल्प चुनने का अवसर दिया जाता है। यदि वह चलने में अक्षम हैं या गंभीर बीमारी से ग्रसित हैं तो वह फार्म 12डी का उपयोग कर सकते है। जो लोग बूथ पर जाकर मतदान कर सकते हैं तो उन्हें व्हील चेयर की सुविधा प्रदान की जाएगी।

### तेजी से घट रही बुजुर्गों की संख्या

मतदाता पुनरीक्षण अभियान में काम करने वाले एक एनजीओ के मुताबिक सभी जगह बुजुर्गों की संख्या तेजी से घट रही है। 80 साल से अधिक के अधिकतर बुजुर्गों को कम सुनाई और दिखाई देता है। कई लोग गंभीर बीमारियों से ग्रसित है। गर्मियों की अपेक्षा सर्दियों में बुजुर्गों की मृत्युदर बढ़ जाती है। इस वर्ष सर्दियों में जिले की तीनों तहसीलों में 80 साल से अधिक के करीब 1600 बुजुर्गों की मृत्यु हो चुकी है। कई लोगों ऐसे हैं, जिनके आधार कार्ड में गलत आयु अंकित है तो कई बुजुर्गों के पास आधार कार्ड ही नहीं है।



"विशेष मतदाता पुनरीक्षण अभियान के दौरान आयोग के निर्देश पर 80 साल से अधिक के बुजुर्ग मतदाताओ का सर्वे कराया गया था, जिसमें कई बुजुर्गों की आयु गलत दर्ज थी तो कई बुजुर्गों की अभियान के दौरान मृत्यु हो गई। ऐसे में 2392 बुजुर्ग कम हो गए हैं।

–बिनीत कटियार, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी



शुभारंभ के दौरान मौजूद पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि। अमृत विचार

## गंभीर मरीजों को नगर में मिलेगी जांच की सुविधाएं

संवाददाता, गुरसहायगंज, कन्नौज

**अमृत विचार।** सोमवार को नगर के मोहल्ला रामगंज स्थित एक अल्ट्रासाउण्ड सेंटर का पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि मयंक गुप्ता ने शुभारंभ किया। आयोजकों ने फूलमाला पहनाकर उनका स्वागत किया। एक ही स्थान पर सभी प्रकार की जांच की सुविधाएं मिलने को उन्होने एक अच्छी पहल बताया।

पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि ने कहा कि पहले गंभीर रोगियों को जांच के लिए इधर उधर भटकना पड़ता था। लेकिन अब एक ही स्थान पर मरीजों को सभी प्रकार की जांच की सुविधा मिलने से राहत होगी। इससे न सिर्फ उनका समय बचेगा। बल्कि समय से उनको उपचार भी मिल सकेगा। समय से जांच और उसके बाद सही उपचार मिलने से गंभीर रोगियों को बाहर नहीं भटकना पड़ेगा। संचालक शुभम मिश्रा ने बताया कि केंद्र पर मरीजों को अल्ट्रासाउंड, एक्स-रे, ईसीजी व पैथोलॉजी की सुविधा मिलेगी। इस दौरान भाजपा पूर्व जिला उपाध्यक्ष संतोष चतुर्वेदी, संजीव गुप्ता संजू, डा. सरित दुबे, डा. प्रदीप शाक्य अमित दुबे, आलोक मिश्रा, देवेश पांडे, प्रेम नारायण, दिनेश गुप्ता, ललित मोहन सिंह आदि मौजूद रहे।

यूपी बजट- 2024

प्रदेश सरकार के आम बजट को भाजपा ने बताया सर्वसमावेशी, समाजवादी पार्टी बोली-प्रदेश के लोगों को बहकाने का प्रयास

## सत्ता पक्ष ने बताया 'विकासवादी' तो विपक्ष ने 'हवा-हवाई'

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** प्रदेश सरकार के आम बजट को लेकर सत्ता पक्ष जहां उत्साहित है तो विपक्ष ने इस लोगों को बहकाने की कोशिश और हवा-हवाई बताया। भाजपा का कहना है कि यह विकासवादी सर्वसमावेशी बजट है, जिससे प्रदेश के विकास की रफ्तार बढ़ेगी। वहीं, विपक्षी दलों का कहना था कि योगी सरकार प्रदेश के लोगों के साथ छलावा कर रही है, जिसे अब जनता जान चुकी है। जनता आगामी लोकसभा चुनाव में इसका करारा जवाब देगी।

सोमवार को प्रदेश सरकार के आम बजट आने के बाद लोगों ने मिली-जुली प्रतिक्रिया दी। राजनीतिक दलों ने भी प्रतिक्रिया दी है। भाजपा ने बजट को सर्व समावेशी बताया, जिसमें किसानों, नौजवानों, महिलाओं और छात्रों के लिए विशेष प्रावधान किए गए हैं। वहीं, समाजवादी पार्टी और कांग्रेस सहित कई विपक्षी दलों ने बताया कि सरकार के इस बजट से प्रदेशवासियों को निराशा हाथ लगी है। सरकार ने आम जनता के साथ छलावा किया है। केवल लच्छेदार बातों से कुछ नहीं होने वाला। पिछले बजट में सरकार ने जो प्रावधान किए थे, वह अभी तक पूरे नहीं हो पाए हैं।

### प्रदेश में बढ़ेगी विकास की रफ्तार : भाजपा



भाजपा जिलाध्यक्ष **वीर सिंह भदौरिया** ने बताया कि प्रदेश सरकार न बजट में समाज के सभी वर्गों का ख्याल रखा है। इसमें किसानों व नौजवानों पर अधिक फोकस किया गया है। छात्रों पर विशेष ध्यान दिया गया है। इस बजट से प्रदेश के विकास की रफ्तार बढ़ेगी और आने वाले समय में प्रदेश की अर्थव्यवस्था सुदृढ़ होगी।

### प्रदेश के साथ कन्नौज भी निराश : सपा



सपा नेता **नवाब सिंह यादव** ने बताया कि बजट में आम जनता को निराश किया है। इस बजट में नौजवानों को रोजगार देने के लिए कोई ठोस आधार नही रखा गया किसानों की आय को बढ़ाने के लिए कोई विशेष प्रबंध नही किया गया है। प्रदेश के साथ कन्नौज को भी निराशा हाथ लगी है। पुरानी योजनाओं को आगे बढ़ाने के लिए कोई फंड की व्यवस्था नहीं की गई है।

### बजट ने किया जनता को निराश : कांग्रेस



कांग्रेस के पूर्व प्रदेश सचिव **विजय मिश्रा** ने बताया कि भाजपा सरकार लोगों को बहकाने की कोशिश कर रही है। यह बजट पूरी तरह से निराशाजनक है। सरकार ने समाज के कई वर्गों को उपेक्षित रखा है। प्रदेश की जनता सरकार की हकीकत को जान चुकी है और लोकसभा चुनाव में इसका करारा जवाब देगी।

### स्मार्ट क्लास से आएगा परिवर्तन : प्रधानाचार्य



जगदीश्वर दयाल जनता इंटर कॉलेज छिबरामऊ के प्रधानाचार्य **ज्ञानेश दुबे** ने बताया कि माध्यमिक स्कूलों में स्मार्ट क्लास से शिक्षा व्यवस्था में परिवर्तन आएगा। सरकार ने बजट में स्मार्ट कक्षाओं और आईटीसी लैब की स्थापना का जो प्रावधान किया है, यह एक ऐतिहासिक और सराहनीय कदम है।

## धर्म-कर्म : कलश यात्रा के बाद 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ शुरू

संवाददाता तिर्वा, कन्नौज

**अमृत विचार।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार व शाखा तिर्वा की तरफ से 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ का शुभारंभ सोमवार कलश यात्रा निकाल कर किया गया। महिलाओं ने कस्बा स्थित मां काली देवी मंदिर से कलश यात्रा निकाली। मंगलवार से तीन दिनों तक ध्यान योग, 24 कुंडीय महायज्ञ और भजन प्रवचन का आयोजन किया जाएगा।

अखिल विश्व गायत्री परिवार के 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन कस्बा के खैरनगर रोड स्थित मां काली देवी मन्दिर परिसर में किया जा रहा है। मंदिर में कलश की पूजा करने के बाद महिलाओं ने खैरनगर मार्ग से सराफा बाजार, तिर्वा-कन्नौज मुख्य मार्ग बाजारों में कलश यात्रा निकाली। यात्रा के वापस मंदिर आने पर भजन-कीर्तन व पूजन किया गया। गायत्री परिवार से जुड़े राकेश गुप्ता ने बताया कि महायज्ञ में कस्बा समेत क्षेत्र के श्रद्धालु भी शामिल होंगे। प्रत्येक कुंड पर चार जोड़ों के साथ अन्य श्रद्धालु भी महायज्ञ में आहुति देंगे। श्रद्धालुओं की संख्या के हिसाब से उन्हें अलग अलग समय दिया जाएगा। इस दौरान गायत्री परिवार के राजाराम शर्मा, उमेश चन्द्र मिश्रा, अजय चतुर्वेदी, राजेन्द्र सिंह, रामअवतार मनवासिया,मान सिंह यादव आदि उपस्थित रहे।



नगर में कलश यात्रा निकालतीं महिलाएं। अमृत विचार

# ईंट से कुचलकर महिला की हत्या

## पति गंभीर, हमलावर फरार, पुलिस दिन में हुए विवाद की जानकारी करने में जुटी

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद


घटनास्थल पर जांच करते सीओ सिटी। अमृत विचार

- पड़ोसियों के खिलाफ दर्ज की गई रिपोर्ट
- गिरफ्तारी के लिए पुलिस की टीमें लगीं

**अमृत विचार।** फतेहगढ़ कोतवाली क्षेत्र में रविवार की रात मामूली विवाद में दंपति को घर में ईंट से कुचलकर महिला की हत्या कर दी। पति पर भी ईंट से ताबड़तोड़ प्रहार कर बुरी तरह घायल कर दिया। घटना को अंजाम देकर हमलावर भाग गए। घायल पति ने घटना की रिपोर्ट पड़ोसियों के विरुद्ध दर्ज कराई है। पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल करने के साथ फरार आरोपियों की तलाश कर रही है। पुलिस इस बात का भी पता लगाने में जुटी है कि दोनों के बीच दिन में क्या विवाद हुआ था।

कोतवाली फतेहगढ़ में दर्ज कराई गई रिपोर्ट में सर्वेश कुमार ने कहा है कि वह मूल रूप से नगला बाग राठौर थाना मोहम्मदाबाद का निवासी है। वह सेंट्रल जेल चौराहा स्थित एसबी ईंट भट्टा पर परिवार सहित रहकर ईंट पथाई का कार्य करता है। वहां बाग राठौर थाना मोहम्मदाबाद के ही दिनेश पुत्र रघुनंदन, मिथिलेश पत्नी दिनेश, आकाश पुत्र दिनेश, और शिवांगी पुत्री दिनेश भी ईंट पथाई का कार्य करते हैं। ईंट पाथने को लेकर इन लोगों से दिन में मामूली विवाद हो गया। इतनी सी बात पर यह लोग रविवार की रात उसकी झोपड़ी में ईंटें लेकर घुस आए और पति-पत्नी को ईंट मार-मार कर बुरी तरह घायल कर दिया। पत्नी नागेश्वरी की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि गंभीर रूप से घायल पति को पुलिस लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस ने घायल पति सर्वेश की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है। सीओ सिटी प्रदीप सिंह ने बताया कि मामले की जांच पड़ताल की जा रही है। महिला के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है। आरोपियों की तलाश की जा रही है। उन्होंने बताया दोनों एक ही गांव के रहने वाले हैं। एक ही ईंट भट्ठे पर ईंट पथाई करते थे। झगड़ा किस बात को लेकर हुआ इसका पता लगाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि आरोपी फरार हो गए हैं। गिरफ्तारी के लिए टीमें गठित कर दी गई हैं।

## तमंचे के साथ युवक का फोटो वायरल जांच में जुटी पुलिस

**कायमगंज फर्रुखाबाद।** अवैध तमंचे के साथ युवक का फोटो वायरल हो रहा है। पुलिस जांच में जुटी है।

सोशल मीडिया पर अवैध तमंचे के साथ एक युवक का फोटो तेजी से वायरल हो रहा है। युवक अपने वाए हाथ में तमंचा पकड़े देखा जा सकता है। यह फोटो कब का है, इसकी पुष्टि अमृत विचार नहीं करता है। यह जांच का विषय है। फोटो वायरल होने पर मामला उच्चाधिकारियों तक पहुंचा। फोटो कायमगंज क्षेत्र का बताया जा रहा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।


तमंचा हाथ मे पकड़े युवक।

# मंडी में गंदगी देख सचिव पर बिफरे डीएम

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद


मंडी समिति में निरीक्षण करते डीएम वीके सिंह। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी डॉ वीके सिंह ने सामान्य लोकसभा निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत तैयारी के संबंध में मंडी सातनपुर का निरीक्षण किया। इससे पहले डीएम ने विकास भवन में निरीक्षण कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। गैर हाजिर मिले कर्मचारियों का वेतन रोके जाने का आदेश विभागध्यक्षो को दिया।

मंडी समिति पहुंचे जिलाधिकारी ने प्रभारी मंडी सचिव से सफाई व्यवस्था खराब पाए जाने पर नाराजगी व्यक्त की। जिलाधिकारी ने काउंटिंग के शेडों की मरम्मत के निर्देश दिए। मंडी सचिव ने बताया की 31 लाख का बजट स्वीकृत है। 20 फरवरी तक टेंडर कर लिए जाएंगे। जिलाधिकारी ने मंडी में आलू की आवाक की जानकारी मंडी सचिव से ली। प्रभारी मंडी सचिव ने बताया की प्रतिदिन 90 से 110 ट्रको की लोडिंग बाहर के लिए होती है। जिलाधिकारी ने शैडो, दुकानों का ट्रीटमेंट फर्श की रिपेयरिंग, नालियों की सफाई आदि का कार्य जल्द से जल्द पूर्ण कराने के निर्देश एडीएम को दिए। अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी को निर्देशित किया गया की मंडी की रोड का कार्य 20 फरवरी तक पूर्ण कर लिया जाये। अपर जिलाधिकारी ने बताया गया कि 64 दुकानों में ईवीएम रखी जाती है। जिलाधिकारी ने पेड़ो की छटाई व चुनाव के दौरान बनने बाले कण्ट्रोल रूम के बाथरूम सही कराने के निर्देश दिये।

- विकासभवन में गैरहाजिर मिले कर्मचारियों का वेतन रोका

इससे पहले डीएम ने विकास भवन के सभी कार्यालयों का निरीक्षण किया। उन्होंने टूटा फर्नीचर देख नाराजगी जताई। उपस्थिति रजिस्टर से मिलान करने पर गैर हाजिर मिले कर्मचारियों का बेतन रोकने के निर्देश दिए।

## एक नजर

### प्रदेश स्तरीय बालिका कुश्ती प्रतियोगिता का ट्रायल कल

**फर्रुखाबाद।** देवरिया में 14 से 16 फरवरी तक आयोजित होने वाली प्रदेश स्तरीय समन्वय जूनियर कुश्ती बालिका प्रतियोगिता के लिए जिला स्तरीय ट्रायल सात फरवरी को लिए जाएंगे। जिला खेल विभाग के बाबू मनोज कुमार ने बताया कि स्व. ब्रह्मदत्त द्विवेदी में जिला स्तरीय ट्रायल सात फरवरी को दोपहर दो बजे से होगा।

### युवती ने फांसी लगाई

**कायमगंज।** कंपिल क्षेत्र के गांव करनपुर निवासी 22 वर्षीय पुत्री हिमानी ने संदिग्ध हालात में घर में फांसी लगा ली। परिजनों ने देखा और उसे फांसी के फंदे पर उतारा और अस्पताल लेकर दौड़े। जहां उसका इलाज किया गया। मामले को लेकर डाक्टर ने मेमो कोतवाली भेजा है।

### शिक्षकों को निपुण प्रशिक्षण

**फर्रुखाबाद।** ब्लाक संसाधन केंद्र पर शिक्षकों को निपुण प्रशिक्षण दिया गया। एआरपी रुचि वर्मा ने खेल-खेल में बच्चों को पढ़ाने आदि की जानकारी दी।

# कनेक्शन कटने पर कांशीराम कॉलोनी के बाशिंदो ने बिजली दफ्तर घेरा

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

- एसई का बिल जमा किए बिना घरों को आपूर्ति देने से इंकार
- जलापूर्ति के लिए विभाग ने नलकूपों के कनेक्शन जुड़वाये


घेराव करते कांसीराम कॉलोनी के लोग। अमृत विचार

**अमृत विचार।** कांशीराम कॉलोनी हैवतपुर गढ़िया के बाशिंदों पर 15 करोड़ की बकाएदारी पर बिजली आपूर्ति बंद किए जाने से गुस्साए कॉलोनीवासियों ने सभासद की अगुवाई में नगर पालिका व बिजली विभाग कार्यालय का घेराव किया। उन्होंने आपूर्ति चालू कराए जाने की मांग की। बिल जमा न होने तक आपूर्ति बंद रहने की बात पर सभासद प्रतिनिधि धरना-प्रदर्शन की चेतावनी देकर लौट गए।

शनिवार रात बिजली विभाग ने कांशीराम कॉलोनी हैवतपुर गढ़िया और कांशीराम कॉलोनी टाउनहाल की बिजली काट दी थी। बिजली कटने से कॉलोनीवासियों के सामने बिजली के साथ ही पेयजल का संकट भी गहरा गया। सोमवार को सभासद जूली कसेरे के नेतृत्व में आधा सैकड़ा से ज्यादा कॉलोनीवासी नगर पालिका कार्यालय पहुंचे। महिलाओं व पुरुषों ने ईओ दफ्तर का घेराव कर पालिका और बिजली विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। महिलाओं ने कहा कि करीब 12 साल पहले आवास मिले थे। यह भी कहा गया था कि बिजली-पानी मुफ्त मिलेगी। एक बार में दो-दो लाख रुपये के बिल भेज दिए गए तो कैसे जमा करें। पूर्व सभासद रावेश मिश्र ने समझाने का प्रयास किया। यहां से कॉलोनीवासियों ने बिजलीघर भोलेपुर का घेराव कर लिया। सभासद के अलावा पूर्व सभासद रावेश मिश्र आदि ने अधीक्षण अभियंता अजय कुमार से वार्ता की। सभासद ने नए स्तर से बिजली बिल लिए जाने की बात कही। अधीक्षण अभियंता अजय कुमार ने कहा कि उन लोगों के कनेक्शन काट दिए गए हैं। पुराना बिल जमा करने के बाद नया कनेक्शन दिया जाएगा। इसके बाद ही आपूर्ति चालू होगी। बात न बनने पर पूर्व सभासद धरना-प्रदर्शन की चेतावनी देकर लौट गए। आशा देवी, राम ठाकुर, ऊषा सिंह, दिव्या, मधु, सुनीता, बबीता, निशा, जया मिश्रा, सीमा, आशमा व शाइदा खानम आदि मौजूद रहे। बिजली विभाग ने पेयजल आपूर्ति के लिए कॉलोनी में लगे नलकूपों के कनेक्शन जुड़वा दिए।

### पैनल में नमी से 200 गावों की बिजली गुल

**अमृतपुर-फर्रुखाबाद।** बरसात की वजह से अमृत पुर क्षेत्र में बिजली के पैनल में नमी आ गई, जिससे दो सौ गावों की बिजली गुल हो गई। अमृतपुर तहसील क्षेत्र के विद्युत उपकेंद्र अमृतपुर प्रथम के पैनल में नमी आने के कारण बीती रात से सप्लाई बंद हो गई। अवर अभियंता सहित विद्युत कर्मचारी विद्युत आपूर्ति चालू करने के लिए मरम्मत कार्य मे लगे हैं। मरम्मत कार्य मे लगे कर्मचारियों ने बताया कि जांच के दौरान ट्रांसफार्मर सही पाया गया परंतु पैनल के अंदर काफी नमी पाई गई, जिसे खोलकर सफाई की जा रही है। लगभग 20 घंटे बीत जाने के उपरांत बिजली न आने के कारण उप केंद्र से जुड़े उपभोक्ता परेशान हैं। इन्वर्टर डाउन हो जाने से घरों में अंधेरा छा गया। अमृतपुर तहसील उपकेंद्र प्रथम एवं खजुरिया विद्युत उपकेंद्र अमृतपुर द्वितीय के उपभोक्ता बिजली आपूर्ति न मिल पाने से अंधेरे मे रात काटने को मजबूर हैं। फाल्ट की वजह से लगभग 200 गांवो की बिजली आपूर्ति बाधित हो गई। दिन मे बारिश होने की वजह से कई बार कार्य रोकना पड़ा। समाचार लिखे जाने तक पैनल की सफाई का कार्य कर्मचारियों द्वारा किया जा रहा था। आपूर्ति बहाल नहीं हो पाई थी। जेई होरीलाल ने बताया कर्मचारी मरम्मत कार्य मे लगे हैं। देर रात तक आपूर्ति बहाल होने की उम्मीद है।

# पहले अपनों को संभाला अब संवार रहीं समाज

संवाददाता कायमगंज फर्रुखाबाद


सिल्की मिश्रा। अमृत विचार

**अमृत विचार।** कायमगंज की सिल्की ने पिता की मौत के बाद अपने परिवार को चलाने के लिए जीवन दांव पर लगा दिया। उसने अपने पिता के बिजनेस में मां का हाथ बटा कर छोटे भाई बहनों का भार अपने कंधों पर लिया। आज सिल्की साहसी बालिका के नाम से टीम गठित कर मदद का अभियान छेड़े हैं।

कायमगंज के मोहल्ला नोनियनगंज की सिल्की मिश्रा ने 2008 में पिता गिरिराज मिश्रा के देहांत के बाद व्यवसाय को संभाला। दो बहनों व एक छोटे भाई की जिम्मेदारी उठाते हुए स्वयं का कॅरियर भी बनाया। वह आज एक डिग्री कालेज में स्पोर्ट टीचर व एनसीसी आफीसर हैं। तमाम छात्राओं को एनसीसी में ट्रेनिंग देकर मजबूत व निडर बना रही हैं। एक बहन की शादी करा दी। एक दिव्यांग बहन की अच्छी परवरिश कर रही है। छोटा भाई भी व्यापार संभालने लगा है। जिम्मेदारियों के चलते सिल्की का पहनावा भी पुरुषों वाला हो गया है। हमेशा जीस, टीशर्ट व स्पोर्ट शूज पहनने वाली सिल्की दो पहिया, चौपहिया वाहन चलाने में निपुण है। सिल्की कहती हैं कि बेटे ही नहीं बेटियां भी घर को रोशन कर सकती है।

# फतेहगढ़ कोतवाल को हटाने के लिए भाकियू ने एसपी को सौंपा ज्ञापन

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद


एसपी विकास कुमार को ज्ञापन देते भाकियू नेता। अमृत विचार

**अमृत विचार।** फतेहगढ़ कोतवाल को हटाने को लेकर रविवार को भारतीय किसान यूनियन भानू गुट के पदाधिकारी ने एसपी विकास कुमार को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि यदि कोतवाल को न हटाया गया तो वह कोतवाली का घेराव करेंगे और जगह-जगह आंदोलन करेंगे। इसके बाद उच्च अधिकारियों से भी संपर्क करेंगे।

भारतीय किसान यूनियन के जिला अध्यक्ष नरेंद्र सिंह सोमवंशी ने एसपी को बताया कि सिद्धिविनायक हॉस्पिटल में एक महिला की मौत हो गई थी। इसमें कोतवाल फतेहगढ ने गलत व्यक्ति को उठा लिया था। इस संबंध में उन्होंने कोतवाल को फोन किया तो कोतवाल ने फोन पर उनसे अभद्रता करते हुए फोन काट दिया। जिला अध्यक्ष ने कहा कि उनकी यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष का योगी आदित्यनाथ सम्मान करते हैं। जिले के अधिकारी भी उनसे सही तरीके से बात करते हैं। लेकिन कोतवाल किसी भी व्यक्ति से सही तरीके से बात नहीं करते हैं। यदि कोतवाल को फोन पर बात नहीं करना है तो उनसे सीयूजी नंबर वापस लिया जाए। कोतवाल को लाइन में डाल दिया जाए। कोतवाल हरि शरण सिंह को तब तक चार्ज नहीं दिया जाए, जब तक यह जनता से सही तरीके से बातचीत करना ना सीख जाए। ज्ञापन में चेतावनी दी गई है कि यदि कोतवाल को न हटाया गया तो वह लोग कोतवाली घेरने को मजबूर होंगे।

पुलिस अधीक्षक विकास कुमार ने जिला अध्यक्ष नरेंद्र सोमवंशी को न्याय दिलाने का भरोसा दिया। इस मौके पर राकेश कुमार, बबलू, शोभित सहित दर्जनों भाकियू नेता मौजूद रहे।

## आरएमआर और अंगूरी बाग फीडर पर बढ़ा लाइनलॉस

**फर्रुखाबाद।** उच्चाधिकारियों के निर्देशों के बावजूद जनपद में लाइन लॉस थम नहीं रहा है। आरएमआर व अंगूरीबाग फीडर पर 59 से 86 प्रतिशत लाइनलॉस बढ़ा है। मामले को गंभीरता से लेते हुए उच्चाधिकारियों ने अधीक्षण अभियंता को नोटिस जारी कर व्यवस्था में सुधार के निर्देश दिए हैं।

बिजली विभाग के उच्चाधिकारियों के सख्त आदेश हैं कि उच्च राजस्व हानि वाले फीडरों पर विभागीय व प्रवर्तन दल की संयुक्त टीमों से चेकिंग कराकर कार्रवाई करें। मगर जनपद में इसका पालन नहीं हो रहा है। मंडल स्तर पर भेजी गई रिपोर्ट में जनपद के आरएमआर फीडर व अंगूरीबाग फीडरों पर लाइन लॉस बढ़ा है। अधीक्षण अभियंता अजय कुमार ने कहा आरएमआर व अंगूरीबाग फीडरों से जुड़े मोहल्लों में एबीसी लाइन डाली जा रही है। राजस्व भी वसूला जा रहा है।

# चरित्र निर्माण शिविर में यज्ञ-प्रवचन

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद



मंचासीन आचार्य चंद्र देव शास्त्री। अमृत विचार

**अमृत विचार।** आर्य प्रतिनिधि सभा के तत्वावधान में मेला श्रीरामनगरिया में चल रहे वैदिक क्षेत्र में चरित्र निर्माण शिविर में आज प्रातःकाल यज्ञ किया गया। यज्ञोपरान्त यज्ञ के ब्रह्म आचार्य चन्द्रदेव शास्त्री ने प्रवचन में बताया कि इस धरती पर सर्वश्रेष्ठ प्राणी मनुष्य है। सर्वश्रेष्ठ इसलिए है कि श्रेष्ठतम कर्म करने का सौभाग्य परमात्मा ने मनुष्य को दिया है।

आचार्य ने कहा कि मनुष्य संध्या, सत्संग, सेवा, स्वाध्याय और समर्पण आदि के द्वारा मनुष्य इहलौकिक और पारलौकिक सुखों की प्राप्ति कर सकता है। जो व्यक्ति अपने मन को ईश्वर की भक्ति और तन को परोपकार में लगाते हैं वो ईश्वर की कृपा को प्राप्त करते हैं। परमात्मा की कृपा को प्राप्त करने वाला मनुष्य सुख, शान्ति और आनन्द को प्राप्त करता है। पण्डित दलवीर शास्त्री ने भजन के माध्यम से बताया कि- मुझे तूने दाता सब कुछ दिया है, तेरा शुक्रिया है तेरा शुक्रिया है। उन्होंने कहा कि भगवान ने जल को बनाया है। तब हम दूसरों को जल पिलाते हैं। भगवान ने अन्न को बनाया है तब हम दूसरों को भोजन खिलाते हैं। इसलिए जहाँ भोजन खिलाने वालों का, जल पिलाने वालों का धन्यवाद करते हैं। वहीं उस भगवान का धन्यवाद करें जिस भगवान ने बनाया है। कु. उदिता आर्या, सरोज शास्त्री, पण्डित रामवीर आर्य, हरिदेव आर्य ने प्रेरणादायक भजनों की अमृत वर्षा की। स्वामी महेन्द्रानंद ने मंच का संचालन किया। सभा में उत्सर्ष आर्य, उदयराज आर्य, हरिओम शास्त्री, मा. सुरेश आर्य, शिशुपाल आर्य तथा संजीत आर्य आदि उपस्थित रहे।

- मेला रामनगरिया में बह रही अध्यात्म की बयार

## एंबुलेंस में प्रसूता ने जना बच्चा दोनों स्वस्थ

**कायमगंज फर्रुखाबाद।** एंबुलेंस में प्रसूता ने पुत्र को जन्म दिया। जज्जा बच्चा दोनों स्वस्थ है। उसे एंबुलेंस अस्पताल लेकर जा रही थी।

कंपिल क्षेत्र के गांव मिस्तनी निवासी नेहा को प्रसव पीड़ा होने पर परिजन ने डायल 108 पर काल की। एंबुलेंस मौके पर पहुंची और उसे कंपिल सीएचसी लाने के लिए चली। तभी भटमई गांव के पास प्रसूता को प्रसव पीड़ा तेज होने लगी।

जहां ईमएमटी ने एंबुलेंस को रोड के एक तरफ रोका। उसके बाद ईएमटी अनुपम धनकर व आशा प्रियंका, पायलट दीपक ने परिवारीजनों की मदद से प्रसव कराया। प्रसूता ने पुत्र को जन्म दिया। प्रसव के बाद जज्जा बच्चा को कंपिल सीएचसी में भर्ती कराया गया। ईएमटी ने बताया कि दोनो स्वस्थ हैं।

**अनदेखी** | पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों के आवास व कार्यालय का भी यही रास्ता

# कायमगंज चीनी मिल सड़क दे रही 'दर्द'

संवाददाता, कायमगंज-फर्रुखाबाद


रोड पर गड्ढे या गड्ढों में रोड। अमृत विचार

**अमृत विचार।** चीनी मिल को जाने वाली सड़क इस समय गड्ढे में तब्दील हो गई है। इस रोड पर बड़ी दुर्घटना होने से इंकार नहीं किया जा सकता है। पश्चिमी रेलवे क्रासिंग से चीनी मिल रोड तक एक किलोमीटर रोड की हालत बेहद खस्ताहाल है। रोड पर बड़े-बड़े गड्ढे हो गए है। रोड की गिट्टिया उखड़कर जानलेवा बनी हुई है।

इस रोड पर ही एसडीएम, सीओ, वन विभाग के अधिकारियों के आवास व कार्यालय भी हैं। वही इस मार्ग से कई गांव के लोगों का आवागमन है। सबसे बड़ी बात यह है कि इस रोड पर जनपद की सबसे बड़ी इकाई चीनी मिल है। मिल में इस वक्त पेराई सत्र चल रहा है। रोजाना सैकड़ो गन्ना लदे ट्रैक्टरों का आवागमन हो रहा है। कहा जा सकता है इस रोड पर इस समय लोड बहुत बढ़ा है। गड्ढा युक्त सड़क होने के लिए यह रोड बेहद खतरनाक साबित हो रही है। इस रोड से लालपुर पट्टी, यहियापुर आते-जाते हैं। इसके अलावा लोग इस शार्ट कट रोड से बाईपास मार्ग पर भी निकलते हैं। वही पुलिस प्रशासनिक अफसरों के आवास व कार्यालय होने के कारण उनकी गाडियां भी दौड़ती है लेकिन अभी तक इस रोड की दशा सुधर नहीं पाई है। चीनी मिल पेराई सत्र के शुभारंभ पर तत्कालीन डीएम संजय कुमार सिंह ने भी इस रोड को सही कराने के निर्देश दिए थे, लेकिन ऐसा कुछ नहीं हुआ और आज भी यह रोड खस्ताहाल बना हुआ है।

यहां के रहने वाले जमाल खां बताते हैं कि कायमगंज फर्रुखाबाद चीनी मिल रोड काफी पहले बनी थी। लेकिन इसकी गुणवत्ता ठीक नहीं थी। इससे रोड पर बजरी उखड़ने लगी। उसने गड्ढे का रूप ले लिया। जेहान खां का कहना है कि इस वक्त चीनी मिल रोड पेराई के कारण व्यस्त चल रहा है। सत्र से पहले ही इस रोड को बन जाना चाहिए था। लेकिन ऐसा नहीं हो सका। सुबोध कुमार गुप्ता का कहना है कि यह रोड ऊबड़-खाबड़ होने के कारण जलभराव भी रहता है। बाइकसवार आए दिन चुटहिल हो जाते हैं। इसे सही कराया जाए। किसान नेता मुन्ना लाल सक्सेना का कहना है कि चीनी मिल रोड को गुणवत्ता के साथ बनाना चाहिए। इस रोड पर पुलिस प्रशासन का कार्यालय व आवास है फिर भी किसी को चिंता नहीं है।

## शिक्षक खुदकुशी मामले में बीईओ की जमानत याचिका खारिज

**फर्रुखाबाद।** शिक्षक आत्महत्या कांड मामले में गिरफ्तार किए गए खंड शिक्षाधिकारी कायमगंज की जमानत याचिका खारिज कर दी गई है।

कामयगंज कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला काजम खां निवासी आशीष त्रिपाठी ने 29 सितंबर 2023 को झब्बूपुर प्राथमिक स्कूल के प्रधानाध्यापक निर्देश गंगवार, बीईओ गिरिराज सिंह, बीएसए कार्यालय के लिपिक सुरेंद्र नाथ अवस्थी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। आरोप लगाया था कि शिक्षक पिता अनिल कुमार त्रिपाठी को हाईकोर्ट ने 2016 में वेतन सहित बहाली के आदेश दिए थे। फिर भी पिता को बहाल नहीं किया गया। वेतन नहीं मिलने के कारण उन्होंने जहर खाकर आत्महत्या कर ली थी। विवेचक ने बीईओ गिरिराज सिंह को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था।

# रोजगार मेले में 152 युवाओं को जॉब


मेले में मौजूद अभ्यार्थी। अमृत विचार

संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** रोजगार मेले में जॉब पाकर 152 अभ्यार्थियों के चेहरे खिल गए। इस मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष मोनिका यादव ने कहा कि जो नौकरी मिली है, उसे पूरी ईमानदारी के साथ करें। काम के प्रति कर्तव्यनिष्ठ रहने से आप जीवन में जरूर आगे बढ़ेंगे।

ठंडी सड़क स्थित आईटीआई में सोमवार को रोजगार मेला का आयोजन किया गया। बरसात के बावजूद मेले में लगे स्टॉलों पर पंजीकरण कराने के लिए युवाओं की भीड़ नजर आई। अभ्यर्थियों के शैक्षिक अभिलेखों की गहनता से जांच की गई। साक्षात्कार के बाद युवाओं का चयन नौकरी के लिए किया गया। मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष मोनिका यादव ने लगभग एक दर्जन युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किए। उन्होंने कहा कि नौकरी के प्रति ईमानदार होना बेहद आवश्यक है। जब आप काम के प्रति सजग रहेंगे तो जीवन में तरक्की अवश्य मिलेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में युवाओं को तकनीकि शिक्षा के साथ ही साथ रोजगार भी मुहैया कराया जा रहा है। नोडल अधिकारी व प्रभारी प्रधानाचार्य राजवीर सिंह ने बताया कि रोजगार मेला में 23 कंपनियों ने प्रतिभाग किया था। 321 अभ्यर्थियों ने रोजगार के लिए आवेदन जमा किए थे, जिसमें 152 का चयन रोजगार के लिए किया गया। कार्यक्रम का संचालन सच्चिदानंद सागर ने किया।

# बिजली विभाग के निजीकरण की प्रक्रिया रद करने की मांग

## माकपा, किसान सभा, आशा-रसोइया और कर्मचारी यूनियनों ने किया संयुक्त प्रदर्शन, पीएम व सीएम को संबोधित ज्ञापन प्रेषित किया

कार्यालय संवाददाता, इटावा



रेलवे स्टेशन से नारेबाजी कर कचहरी कूच करते माकपा नेता मुकुट सिंह व अन्य। अमृत विचार

**अमृत विचार।** बिजली का निजीकरण, स्मार्ट/प्रीपेड मीटर रोकने, नलकूपों से वसूले गये बिलों की वापसी, मनमाने ढंग से लोड बढ़ाकर जनता की लूट रोकने समेत कई प्रमुख मांगों को लेकर मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी, किसान सभा, आशा-रसोइया कर्मचारी यूनियनों का संयुक्त प्रदर्शन रेलवे स्टेशन से शुरू हुआ। अधीक्षण अभियंता विद्युत कार्यालय और कचहरी पर सभा कर पीएम व सीएम के नाम ज्ञापन प्रेषित किये गये।

किसान सभा के राष्ट्रीय संयुक्त मंत्री एवं प्रदेश के महामंत्री मुकुट सिंह ने बतौर मुख्यवक्ता कहा कि बिजली के निजीकरण की विनाशलीला रोकी जाये। डॉ. आंबेडकर ने संसद में बिजली कानून 1948 में पेश करते हुए बिजली को सामाजिक जरूरत बताते हुए बिना मुनाफा कमाये जन-जन तक पंहुचाने का देश से वादा किया था। मोदी सरकार बिजली को कारपोरेट्स के हाथों सौपकर देश के साथ विश्वासघात कर रही है। इससे बिजली किसानों-गरीबों, छोटे व्यापारियों कुटीर धंधों की पहुंच के बाहर हो जायेगी। 300 यूनिट घरेलू बिजली फ्री देने के वादा करने वाली योगी सरकार ने उप्र में घर-घर प्रीपेड मीटर लगाने के लिए 25000 करोड़ का ठेका उठा दिया है।

मुकुट सिंह ने मोदी-योगी सरकारों को किसान-मजदूर-गरीब विरोधी और वादा खिलाफ बताते हुए कहा कि आज संविधान, जनतंत्र और धर्मनिपेक्षता खतरे में है। उन्होंने कहा कि आगामी 16 फरवरी को ग्रामीण भारत बंद एवं औद्योगिक हड़ताल का ऐलान संयुक्त किसान मोर्चा और ट्रेड यूनियनों ने किया है। किसानों-मजदूरों-महिलाओं, वकीलों, ऑटो चालकों, ट्रांसपोर्ट, राज्य केन्द्रीय कर्मचारियों से 16 फरवरी की देशव्यापी हड़ताल में शामिल होने की अपील की।

माकपा जिलामंत्री नाथूराम यादव ने कहा कि जिला प्रशासन पक्षपाती है, जनसुनवाई एक ड्रामा है। आशा रसोइया यूनियनों के प्रांतीय नेता अमर सिंह शाक्य ने न्यूनतम वेतन 26000 कर कर्मचारी का दर्जा देने की मांग की।

किसान सभा के जिलामंत्री संतोष शाक्य ने बिजली विभाग द्वारा किसानों से नलकूपों पर वसूली की वापसी तथा फ्रेट कारीडोर के बकाया भुगतान की मांग उठाई। किसान सभा के पूर्व जिलाध्यक्ष विश्राम सिंह यादव, उपाध्यक्ष वैद्य विश्राम सिंह, शिवराम सिंह, रामवरन सिंह, संतोष राजपूत, संयुक्त मंत्री विवेक यादव, रामबृजेश, आशा यूनियन की जिलामंत्री संगीता, अध्यक्ष शकुंतला, सुमित्रा, शशी, सर्वेश कुमारी, रसोइया यूनियन की जिलामंत्री अनीता पोरवाल, अध्यक्ष रामचंद्र, उमा देवी, जय श्री, ऑटो यूनियन के सतेन्द्र प्रताप, सुधीर यादव उर्फ टीटू नौजवान सभा के जिलामंत्री मोनू यादव, पूर्व अध्यक्ष मनोज राठौर आदि ने भी सम्बोधित किया। डीएम को दिए ज्ञापन में 300 यूनिट घरेलू बिजली फ्री देने, ग्रामीण क्षेत्रों में 20 घंटे विद्युत आपूर्ति करने संबंधी मुख्यमंत्री का वादा पूरा करने, महंगाई, बेरोजगारी रोकने, अन्ना पशुओं से फसल बचाव, फ्रेटकारीडोर रेलवे के बकाया का भुगतान, आशा-रासोइयों, आंगनबाड़ी आदि का न्यूनतम वेतन 26000 प्रति माह, राज्यकर्मी का दर्जा देने की मांग की।

# एसडीएम सैफई के विरोध में वकीलों ने की हड़ताल

कार्यालय संवाददाता, इटावा।

**अमृत विचार।** वरिष्ठ अधिवक्ता प्रमोद तिवारी के साथ एसडीएम सैफई द्वारा की गई अभद्रता और उनकी निजी भूमि पर कब्जा कराने के प्रयास के विरोध में जिला बार एसोसिएशन के आह्वान पर अधिवक्ताओं ने न्यायिक कार्य से विरत रहते हुए हड़ताल की।

एसडीएम के रवैये को लेकर अधिवक्ताओं में भारी रोष है। डीबीए अध्यक्ष बृजेश कुमार दुबे एवं महामंत्री राजेश कुमार यादव के निर्देशानुसार सोमवार को न्यायिक कार्य से पूर्णतः विरत रहते हुए अधिवक्ताओं ने डीएम को एसडीएम सैफई के खिलाफ शिकायती पत्र दिया और एसएसपी के संज्ञान में भी पूरा प्रकरण लाया गया। अधिवक्ताओं ने प्रदर्शन करते हुए नारेबाजी भी की। ज्ञापन देने में सतेंद्र पाल सिंह, अरविंद प्रताप, अनिल कुमार वर्मा, भुवनेश यादव, राजू यादव, रीना यादव, प्रदीप कुशवाह, वीर प्रकाश, विवेक द्विवेदी, राजेश कुमार त्रिपाठी, देवेंद्र पाल सिंह ,राजीव त्रिपाठी मौजूद रहे। किसी भी अधिवक्ता ने कोई भी न्यायिक कार्य नहीं किया।


कचहरी में नारेबाजी करते अधिवक्ता।


दरगाह पर चादर चढ़ाते सपा जिलाध्यक्ष प्रदीप शाक्य व अन्य।

# दरगाह पर चादर चढ़ा कर मांगी अमन -चैन की दुआ

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** इटावा के ग्वालियर रोड स्थित अरशद अली उर्फ माशूक अली वाइस ख्वाजगान का 51 वां तीन दिवसीय सालाना उर्स धूमधाम एवं शानो-शौकत के साथ मनाया गया। दरगाह पर चादरें व गागरें पेश कर देश में खुशहाली अमन ओ चैन की दुआ मांगी।

दरगाह फतेहपुर सीकरी के सज्जादानशीन हज़रत सूफी कमरूद्दीन हसनी अजीजी लियाकती एवं उर्स संयोजक मसूद तैमूरी की सरपरस्ती में आयोजित सालाना उर्स की शुरुआत दो फरवरी को बाद नमाज फजिर कुरान ख्वानी से हुई। इसके बाद जायरीनों द्वारा चादरें व गागरे पेश की गईं। बाद नमाज असर मीलाद शरीफ़ हुआ जिसमें मौलानाओं ने नबी की शान में नाते पढ़ कर मौजूद लोगों को भाव विभोर कर दिया। इस दौरान रंगे महफ़िल के साथ उर्स का समापन हुआ।

इस मौके पर लोक अदालत जिला जज सुरेश भारती, जुबेर तैमूरी, नासिर जलील, सपा जिला अध्यक्ष प्रदीप शाक्य बबलू, शंभू दयाल दोहरे,कुलदीप गुप्ता,कौमी तहफ्फुज कमेटी के संयोजक खादिम अब्बास, कांग्रेस जिला अध्यक्ष मलखान सिंह यादव, शहर अध्यक्ष पल्लव दुबे, वाचस्पति दुबे, आसिफ जादरान, मंसूरी वेलफेयर एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष हाजी मोइनुद्दीन मंसूरी,महामंत्री शफी अहमद उर्फ बालक, कमरुद्दीन मियां एवं संयोजक मसूद तैमूरी ने उर्स में आए सभी मेहमानों का साफा बांधकर इस्तकबाल किया।

# सपा सरकार में ही गरीबों, किसानों व बेरोजगारों को मिलता है न्याय

संवाददाता महेवा, इटावा


चौपाल कार्यक्रम में भाग लेते सपा नेता जितेंद्र दोहरे। अमृत विचार

**अमृत विचार।** सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के निर्देशन में भरथना विधानसभा के सराय इलाही गांव में पीडीए पखवाड़ा के तहत चौपाल का आयोजन प्रधान सहदेव सिंह यादव की अध्यक्षता में किया गया।

मुख्य वक्ता महेवा ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि जितेन्द्र दोहरे ने पार्टी की नीतियों से अवगत कराया और बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी, जमीनों पर कब्जे ,हत्या , सपा कार्यकर्ताओं का उत्पीड़न आदि मुद्दों पर चिंता जाहिर करते हुए सरकार की आलोचना की। बताया कि सरकार का विरोध सिर्फ सपा कर रही है। इसलिए अन्य सभी पार्टियों को इसका समर्थन करना चाहिए। सपा सभी जाति वर्ग किसानों बेरोजगारों का ध्यान रखती है। अतः सभी लोग आगामी लोकसभा चुनाव में अपने बूथ स्तर पर एकजुट रहें।

इस अवसर ओर सैनिक प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष कमलेश यादव, मंडल प्रभारी जयवीर सिंह ,प्रदेश सचिव विश्राम सिंह ,विधानसभा अध्यक्ष सुरेश सिंह ,किसान युनियन के प्रदेश अध्यक्ष जयवीर सिंह , कायम सिंह ,कमलेश सिंह, उमाकांत, शिवजीत दोहरे, कुलदीप सिंह ,रोहित जाटव सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।जिसका संचालन पूर्व सैनिक शिव शंकर यादव एवं इलाकेदार ने किया।

# बाइक फिसलने से दो लोग घायल

**बकेवर, इटावा।** कन्हैयालाल पुत्र अश्वनी सिंह और चन्द्रशेखर पुत्र चरण सिंह निवासी चमरावा औरैया अपनी मोटरसाइकिल से लखना एक शादी समारोह में शामिल होने आए थे।

रात करीब 11 बजे अपने घर जाने के लिए गेस्ट हाउस से निकले तो मोटरसाइकिल तेज रफ्तार होने के चलते बाईपास तिराहे के पास फिसल गई। और वे दोनों गम्भीर रूप से घायल हो गये। लखना चौकी इंचार्ज गंगासागर व आरक्षी रतन सिंह, रवि गुप्ता, सतीश कुमार ने पहुंचकर दोनों मोटरसाइकिल सवारों को एंबुलेंस की मदद से सीएचसी महेवा में भर्ती कराया। दोनों की हालत गम्भीर होने पर जिला अस्पताल के लिए रिफर कर दिया।

# 338 अभ्यर्थियों ने दी एनसीसी की परीक्षा

कार्यालय संवाददाता, इटावा


एनसीसी परीक्षा में शामिल कैडेट्स।

**अमृत विचार।** एनसीसी उत्तर प्रदेश चार बटालियन जूनियर ग्रुप ए सर्टिफिकेट के लिए परीक्षा रविवार को राजकीय इंटर कालेज में हुई। इस परीक्षा में पंजीकृत 362 परीक्षार्थियों में से 338 उपस्थित और 24 अनुपस्थित रहे। कड़ी निगरानी व अनुशासन के बीच सुबह आठ बजे से शुरू हुई परीक्षा शाम चार बजे तक चली।

कर्नल एसपी सिंह की देखरेख में हुई परीक्षा में लिखित परीक्षा के साथ-साथ ड्रिल, युद्ध की कला, हथियार तथा मैप रीडिंग की भी परीक्षा हुई। कर्नल एसपी सिंह ने कहा कि एनसीसी ए सर्टिफिकेट परीक्षा के प्रश्नपत्र खोलने की प्रक्रिया कमेटी के एएनओ डॉ. अरशद मलिक, एके त्रिपाठी तथा दो छात्रों के सामने हुई।

परीक्षा के दौरान सूबेदार मेजर साहब सिंह, सूबेदार देवेंद्र सिंह, मेक बहादुर, गणेश दत्त, अमरीक सिंह व गुरमीत कुमार तथा हवलदार विजंत सिंह चौहान, देवेंद्र प्रताप, जितेंद्र व विद्यालयों के एनसीसी अधिकारी व सिविल स्टाफ के सहयोग परीक्षा कराई गई। साथ ही बताया कि परीक्षा पूरी पारदर्शिता व सुचिता के साथ कराई गई है।


आत्मरक्षा का प्रशिक्षण लेतीं बालिकाएं। अमृत विचार

## बालिकाओं ने सीखे आत्मरक्षा के गुर

**ऊसराहार, इटावा।** विकास खंड ताखा के परिषदीय विद्यालयों की बालिकाओं ने आत्मरक्षा के गुण सीखें। सरकारी जूनियर विद्यालयों में पढ़ने वाली बालिकाओं को आत्मरक्षा के लिए प्रशिक्षित किया जा रहा है। प्रशिक्षित होने के बाद ये बालिकाएं किसी भी अप्रत्याशित घटनाओं से स्वयं को बचा सकती हैं। बीईओ बीरेंद्र सिंह पटेल के निर्देश के क्रम में कंपोजिट विद्यालय बकौली व कंपोजिट विद्यालय ऊसराहार में बालिकाओं को प्रशिक्षित किया जा रहा है। यह प्रशिक्षण लगातार 24 दिन दिया जाएगा। ब्लॉक व्यायाम शिक्षक अवधेश सिंह राठौर ने बताया कि देश में लड़कियों के खिलाफ अपराधों की रोकथाम को ध्यान में रखते हुए, उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए स्कूलों में उन्हें आत्मरक्षा प्रशिक्षण प्रदान करना महत्वपूर्ण है।

# भाजपा ने सबका ध्यान रखने वाला तो विपक्ष ने बताया निराशाजनक

इटावा। आज जैसे ही प्रदेश का बजट जारी हुआ वैसे ही लोगों की तरह-तरह की प्रतिक्रियाएं आने लगीं। जहां सत्ता पक्ष के नेताओं व लोगों ने बजट की जमकर सराहना करते हुए लोक कल्याणकारी बताया वहीं विपक्षी नेताओं व उनके लोगों ने बजट की जमकर आलोचना करते हुए इसे निरावादी बताया। वहीं जब आम आदमी से पूछा गया तो उसने कहा कि हमें तो बजट के बारे में कुछ पता ही नहीं है।

बजट-उत्तर प्रदेश 2024-25

### खुशहाली लाएगा बजट



इटावा। बजट में जनता पर कोई नया टैक्स नहीं लगाया गया है। इसके साथ ही गरीबों मजदूरों महिलाओं तथा युवाओं सभी का ध्यान रखा गया है। पहली बार प्रदेश में इतना बड़ा बजट पेश किया गया है और यह बजट प्रदेश को विभिन्न क्षेत्रों में आगे ले जाने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

संजीव राजपूत जिला अध्यक्ष भाजपा

### बजट गरीब मजदूर विरोधी



इटावा। बजट गरीब मजदूर विरोधी है। इस बजट में किसी को राहत नहीं दी है और रोजगार देने की दिशा में भी कोई महत्वपूर्ण कदम नहीं उठाया गया है। प्रदेश में कानून व्यवस्था बदहाल है और बेरोजगारी भी बढी है सरकार का बजट निराशाजनक है।

मलखान सिंह यादव जिला अध्यक्ष कांग्रेस

### व्यापारियों में निराशा



बजट में छोटे एवं मझले व्यापारियों के लिये सरकार ने कोई छूट प्रदान नही की और न ही कोई पैकेज दिया है जिससे व्यापारियों में निराशा है।

रजत जैन (शहर अध्यक्ष) भारतीय उद्योग व्यापार मंडल

### पीडीए के लिए बजट में कुछ भी नहीं



इटावा। बजट एक छलावा है। समाजवादी पार्टी पीडीए के लिए काम कर रही है और इस बजट में पीडीए के लिए कुछ भी नहीं है। युवा वर्ग बेरोजगारी को लेकर परेशान है निराशा है और बजट ने भी युवाओं को निराश किया है इसके साथ ही महिलाओं की सुरक्षा के लिए भी कोई इंतजाम नहीं किए गए हैं बजट में सिर्फ झूठी बादे किए गए हैं।

उदयभान सिंह यादव सपा नेता इटावा

### आंकड़ों का खेल है बजट



इटावा। बजट मात्र आकडों की बाजीगरी है, कहीं स्पष्ट नहीं हो रहा कि इस बजट से महंगाई से कितनी राहत मिलेगी।कितने युवाओं को रोज़गार मिलेगा मंदी और जीएसटी की मार झेल रहे काम-कारोबार और दुकानदारी को बढ़ावा देने के लिए क्या प्रावधान है। कर्मचारियों को पुरानी पेंशन मिलेगी या नहीं,ये कही नहीं बताया गया कि ग्लोबल इनस्बटर सिमिट मे जो 400 लाख करोड़ के इन्वेस्टमेंट का दावा किया गया है, उससे कितने उघोग प्रदेश मे लग चुके हैं।

आलोक दीक्षित अध्यक्ष उद्योग व्यापार मंडल इटावा

### वृद्धों को मिली राहत



राज्य सरकार ने निराश्रित महिला पेंशन योजना में पेंशन की धनराशि 500 रुपये प्रतिमाह से बढ़ाकर 1000 रुपये की है। इससे वृद्धों को खास राहत मिलेगी।

आकांक्षा गुप्ता (मण्डल उपाध्यक्ष भारतीय उद्योग व्यापार मण्डल

### महिलाओं को मिली राहत



बजट में जघन्य अपराधों से पीड़ित महिलाओं एवं बालिकाओं को एक लाख रुपये से 10 लाख रुपये की आर्थिक क्षतिपूर्ति प्रदान करने से पीड़ित महिलाओं को राहत मिलेगी। दीपिका (महिला जिला महामंत्री)भारतीय उद्योग व्यापार मंडल

# लीकेज गैस सिलेंडर से लगी आग

संवाददाता जसवंतनगर, इटावा

- दो अलग-अलग घटनाओं में पांच लोग झुलसे

**अमृत विचार।** क्षेत्र के दो अलग अलग गांव में घरेलू गैस सिलेंडर लीक होने से लगी आग में तीन बच्चों सहित दो महिलाएं झुलस गईं। पहली घटना गांव नगला घनु में हुई जहां खाना बनाने के लिए जैसे ही महिला ने किचन में रखे गैस चूल्हे को जलाया, अचानक रिसाव होने से गैस सिलेंडर ने आग पकड़ ली जिसमें तीन बच्चों सहित महिला झुलस गई। नगला भिखन में हुई अन्य घटना में एक महिला झुलसी।

नगला घनु में रीना ने जब खाना बनाने के लिए गैस चूल्हा जलाया तो सिलेंडर लीकेज होने के कारण कमरे में आग लग गई, जिसमें तीन बच्चों के साथ वह स्वयं भी जल गई। छह वर्षीय चांदनी, तीन वर्षीय रिया और डेढ़ वर्षीय गणेश बुरी तरह झुलस गए।

जिनको आनन फानन में पारिवारीजनों ने 108 एम्बुलेंस से इलाज के लिए डॉ. भीमराव आंबेडकर संयुक्त चिकित्सालय में भर्ती कराया है। जहां पर उनका इलाज चल रहा है । ऑन ड्यूटी डॉ राघवेंद्र सिंह ने बताया कि मां के साथ तीनों बच्चों का इलाज जारी है ।

वहीं दूसरी घटना गांव नगला भिखन की है । जहां पर अशोक कुमार की पत्नी प्रीती चूल्हे पर खाना बनाने के दौरान जल गई। जिसे एम्बुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र जसवंतनगर पर भर्ती कराया गया। जहां से डॉक्टरों ने सैफई पीजीआई के लिए रेफर कर दिया गया ।



## कार्यालय ग्राम पंचायत चिंडोली, विकास खण्ड महेवा (इटावा)

प्रतांक मीमों/पांचायतीराज/ग्राम पं/निविदाविज्ञप्ति– नि0सा0आ0/2023–2024 दिनांक 05.02.2024

**निर्माण सामग्री आपूर्ति विज्ञप्ति**

ग्राम पंचायत चिंडोली, वि0 ख0 महेवा –इटावा मे निन्न निर्माण कार्य पूर्ण काराए जाने हेतु निर्माण सामग्री कार्यस्थल पर आपूर्ति हेतु ग्राम पंचायत महेवा इटावा के पंजीकृत सप्लायर/कण्ट्रेक्टर से निविदाए दिनांक 05.02–2024 से 08.02.2024 समय 2.00 तक आमंत्रित की जाती है जो दिनांक 08.0.2024 को ग्राम पंचायत समित द्वारा उपस्थित निविदादाताओ के समक्ष 3.00 पर खोली जाएगी आपूर्ति की जाने वाली निर्माण सामाग्री से संबधित नियमो की जानकारी ग्राम पंचायत सचिव से कार्यालय कार्य दिवसो मे निधारित तिथि तक पाप्त की जा सकती है/एंव निविदा को स्वीकर/अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को निहित होगा। निविदा सम्बन्धी जानकारी ग्राम पंचायत कार्यालय मे कार्य दिवस मे प्राप्त कर सकते है/

| कमांक | योजना/ विभाग | कार्य का विवरण | आगणन मे अनु 0 सामग्री लागत (रु0) | धरोहर राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | राज्य वित्त/ केंद्रीय वित्त | नाला निर्माण कार्य | 420284.00 | 2% | 500.00 |
| 02 | राज्य वित्त/ केंद्रीय वित्त | UPS डबहा मे बाऊड्री निर्माण | 219542.00 | 2% | 500.00 |
| 03 | राज्य वित्त/ केंद्रीय वित्त | इंटरलाकिंग निर्माण कार्य | 236747.00 | 2% | 500.00 |
| 04 | राज्य वित्त/ केंद्रीय वित्त | नाली निर्माण कार्य | 213486.00 | 2% | 500.00 |
| 05 | राज्य वित्त/ केंद्रीय वित्त | साइड प्लाण्टेशन बाऊंड्री निर्माण कार्य | 157335.00 | 2% | 500.00 |
| 06 | राज्य वित्त/ केंद्रीय वित्त | पंचायत घर चिण्डोली मे इंटर लोकिंग कार्य | 268115.00 | 2% | 500.00 |

**विशेष नोट :–**

निविददाताओ को फर्म की जीएसटी रजिस्ट्राशन पेन कार्ड की छायाप्रति निविदा के साथ संलगन करनी होगी.

**अनुपम पाल** प्रधान

**नेहा दीक्षित** सचिव

ग्राम पंचायत चिंडोली वि0ख0– महेवा , जनपद–इटावा


प्रकृति प्रेम

कथा वाचक स्वामी राजेश्वरदास महाराज द्वारा की गई स्थापना

# रुरिया में प्रथम रामचरित मानस वाटिका स्थापित

कार्यालय संवाददता, इटावा


रामचरित मानस वाटिका में पौधा लगाते स्वामी राजेश्वर दास एवं विवेक यादव।

**अमृत विचार।** स्वदेशी समाज सेवा समिति के सौजन्य से विश्व की प्रथम रामचरित मानस वाटिका की स्थापना कथा वाचक स्वामी राजेश्वरदास महाराज के कर कमलों द्वारा की गई। ग्राम रुरिया में रामलला प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में वाटिका का निर्माण हो रहा है।

रामचरित मानस में वर्णित अलौकिक वनस्पतियों पीपल, बरगद , आंवला , कदम्ब , तमाल , चम्पा ,कमल, बेल , सीता अशोक , गूलर, चन्दन, पान, सुपाड़ी , मौल श्री , कटहल , आम आदि वनस्पतियों का रोपण किया गया। समिति के संस्थापक सचिव विवेक यादव ' रुद्राक्ष मेन ने कहा इस वन में रुद्राक्ष वाटिका , राशि वाटिका , वास्तु वृक्ष वाटिका , श्री कृष्ण वाटिका , विष्णु वाटिका , शिव वाटिका , श्रीमद्भगवद्गीता वाटिका , नव दुर्गा वाटिका , हरिशंकरी वाटिका, देवी वाटिका, सप्तऋषि वाटिका, गिरिराज वाटिका, यज्ञ वाटिका आदि 42 वाटिकाओं की स्थापना हो चुकी है। रामायण वाटिका , वेद वाटिका, महाभारत वाटिका , विश्व की प्रथम श्रीमद्भागवत वाटिका स्थापित होगी। इस अवसर पर संजीव आहूजा , विजय तोमर , सर्वेश भदौरिया , सुनील सिकरवार , डॉ. मुकेश मणिकांचन , राकेश शर्मा , कुशल , विकास आदि लोग उपस्थित रहे ।

### प्रदूषण के स्तर को देखकर ही पौधे लगाना चाहिए

**बकेवर, इटावा।** पेड़ पौधे इंसान के लिए उतने ही ज़रूरी हैं जितने हवा और पानी। ग्राम बसैयाहार के पूर्व प्रधान राम गोविंद तिवारी इन दिनों ईको पार्क के जरिये पेड़ पौधों को संजोने का काम कर रहे हैं। उन्होंने एक श्रेष्ठ पार्क बसैयाहार में बनाकर चंदन, रुद्राक्ष, नाशपाती, आंवला, नींबू, सेब, बेर के पौधे रोपित कराये हैं। तिवारी ने बताया कि पेड़ पौधों को काटने की इंसान भारी क़ीमत चुका रहा है। उ अब इंसान को अपनी ग़लती का एहसास हो गया है। नए पेड़ पौधे लगाकर वो अब कुदरत का क़र्ज़ उतार रहा है।

# चोरी का सामान बरामद होने पर दो साल की सजा

**इटावा।** विशेष लोक अभियोजक गौरव दीक्षित ने बताया कि गीता देवी ने दस फरवरी 2022 को अवध एक्सप्रेस में यात्रा के दौरान पर्स चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज करायी थी। 18 जून 2022 को एसआई राम बाबू सिहं ने भरथना रेलवे स्टेशन एक युवक पकड़ा था पूछताछ में उसने अपना नाम विशाल अवस्थी बताया। तलाशी में उसके पास से एक लेडीज पर्स बरामद हआ। पर्स में जेवरात वनकदी भी बरामद हुई। पूछताछ में उसने बताया कि उसने पर्स को अवध एक्सप्रेस से चोरी किया था। मामले की सुनवाई विशेष न्यायाधीश दस्यु प्रभावित अधिनियम कोर्ट में हुई। कोर्ट ने चोरी का सामान बरामद होने का दोषी पाया और दो साल की सजा दी।

# बारिश से 100 गावों की बिजली आपूर्ति ठप

## आपूर्ति बहाल होने के बाद लोग ट्रिपिंग और लो वोल्टेज की समस्या से होते रहे परेशान

संवाददाता, कंचौसी, औरैया

**अमृत विचार।** तेज हवा के साथ रविवार को शुरू हुई बारिश से कंचौसी नगर इलाके की बिजली आपूर्ति लड़खड़ा गई। नगर के कई इलाकों में बिजली गुल रही। कई जगह लो वोल्टेज की समस्या ने भी लोगों को परेशान किया। अव्यवस्थाओं के बीच 100 गांव की गुल हुई बिजली आपूर्ति दूसरे दिन सोमवार को भी ठप रही।

रविवार को दोपहर तेज हवा के साथ शुरू बारिश के बाद ठप हुई बिजली आपूर्ति सोमवार को दोपहर को बहाल हो सकी है। कंचौसी में असेनी, बिहारीपुर, कंचौसी और झींझक फीडर से करीब सौ गांवों की बिजली आपूर्ति होती है। जिससे पुरवा महिपाल, रोशनपुर, विजई पुरवा, मधवापुर, अमरपुर, रंजीतपुर, नोगवा, मडनई, हरतौली, सुखमपुर, ढिकियापुर, बिनपुरापुर, जमौली, कंचौसी गांव, चंद्रपुर, अजमतपुर, चमरोआ, प्रसाद पुरवा, सहायपुर, कंचौसी नगर सहित 100 गावों की बिजली आपूर्ति बाधित रही। इस संबन्ध में एसडीओ असेनी अनुराग पांडेय ने बताया बारिश की वजह से जगह जगह फाल्ट होने से बिजली आपूर्ति बाधित रही फाल्ट को दुरुस्त कर बिजली आपूर्ति बहाल कर दी गई है।



विद्युत उपकेंद्र का निरीक्षण करते मुख्य अभियंता। अमृत विचार

## गर्मियों में मिलेगी निर्बाध विद्युत आपूर्ति

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** उप्र सरकार के ऊर्जा मंत्री, और ऊर्जा प्रबंधन के आह्वान पर विद्युत विभाग द्वारा फरवरी माह को अनुरक्षण माह के रूप में मनाया जा रहा है। हाल ही में मुख्य अभियन्ता ई. राम प्रकाश द्वारा केशमपुर एवं देवरपुर सबस्टेशन का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान विद्युत वितरण खण्ड दिबियापुर की अधिशाषी अभियंता ई. नेहा सिंह भी मौजूद रहीं।

मुख्य अभियन्ता द्वारा शहर को निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने हेतु उपकेन्द्रों में परिवर्तकों के आस-पास साफ-सफाई एवं क्षतिग्रस्त परिवर्तकों के मरम्मत करने, उपकेन्द्रों में जम्फर एवं इन्सुलेटर बदलने तथा जर्जर केबिल बदलने हेतु सख्ती के साथ निर्देशित किया गया। जिसका असर आज कई उपकेन्द्रों में दिखाई दिया। उपकेन्द्र सोहनी, रूपपुर, कैथावा पर लगे वी.सी बी पैनल की साफ सफाई व ग्रीसिंग का कार्य किया गया।

उपकेन्द्र पुरवा सुजान पर भी 11 जर्जर तार को सही कराया गया एवं साफ सफाई का कार्य किया गया। इसी प्रकार इस माह के शेष दिनों में भी सभी उपकेन्द्रों पर मेंटिनेंस का कार्य किया जायेगा।



बारिश के बाद सरसों की फसल में हुआ नुकसान। अमृत विचार

## तेज बारिश में आलू व सरसों को भारी नुकसान

संवाददाता, ककोर, औरैया

**अमृत विचार।** पिछले चार पांच दिनों से तेज धूप के बाद सोमवार को मौसम ने अचानक करवट ले ली। दिन में हल्की-हल्की बूंदाबांदी के बाद शाम होते ही बारिश उग्र हो गई। इससे सर्दी तथा ठिठुरन बढ़ गई।

इस बारिश से सरसों तथा आलू की फसल को नुकसान की आशंका है। वहीं, गेहूं तथा चना की फसल को इसका भरपूर लाभ मिलेगा। मौसम विभाग ने मंगलवार को भी पूरे दिन बारिश होने की संभावना बताई है और 7 फरवरी तक गरज के साथ बारिश हो सकती है। मौसम के इस बदलते हुए तेवर से किसान आशंकित तथा चिंतित हैं। क्योंकि उनकी इस समय आलू ,सरसों की फसल पकने के बाद तैयार खड़ी है। ऐसे में अगर खेतों में पानी भर जाता है तो आलू की फसल खराब हो जाएगी। सोमवार सुबह 9 बजे के आसपास हल्की धूप निकलने के बाद दोपहर के बाद हल्की बूंदाबांदी शुरू हुई इसके बाद रुक-रुक कर हल्की-हल्की बूंदाबांदी होती रही। वहीं, शाम के 5 बजते ही बारिश ने उग्र रूप धारण कर लिया। लोगों को शादी में जाने के लिए अच्छी खासी परेशानी उठानी पड़ी वहीं बारिश के चलते दुकानदार भी अपनी अपनी दुकानों का शटर बंद करके घर निकल गये।

## पालिकाध्यक्ष के परिजनों पर लगाया मारपीट का आरोप

**औरैया।** नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष के परिजनों पर एक व्यक्ति ने मारपीट किए, जाने का आरोप लगाया है। पीड़ित का कहना है कि उसके द्वारा तीन लाख 21 हजार रुपए उधार दिए गये थे। बताया कि उनके द्वारा दो लाख रुपये वापस कर दिए गये। आज जब वह बचे हुए शेष रुपये एक लाख 21 हजार मांगने गया तो उनके द्वारा मारपीट कर दी गई। पीड़ित ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देते हुए शिकायत दर्ज कराई है।

कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला गोविंद नगर निवासी जितेन्द्र कुमार मिश्रा पुत्र कमल नारायन मिश्रा ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में बताया कि उसके द्वारा कुछ समय पहले अरविंद गुप्ता को तीन लाख 21 हजार रुपए उधार दिए गये थे। कुछ दिन पहले दो लाख रुपए वापस में डाल दिए थे, शेष बचे एक लाख 21 हजार रुपयों को लेने के लिए वह उनकी दुकान पर पहुंचा तो अरविंद गुप्ता चिल्लाने लगे। बताया कि इसी दौरान पालिका अध्यक्ष व अन्य लोग आ गये और उसकी मारपीट कर दी गई। पीड़ित ने यह भी आरोप लगाया उन लोगों द्वारा जान से मारने की धमकी दी गई तथा दुकान में आग लगा कर कब्जा कर लेंगे। पीड़ित ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है। कोतवाली प्रभारी पंकज मिश्रा ने बताया कि तहरीर मिली है जांच की जा रही है।

# ट्रेन से कटकर अधेड़ की गई जान

संवाददाता, अछल्दा, औरया

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के वैसोली गांव के पास दिल्ली हावड़ा रेल मार्ग की रेलवे लाइन पर ट्रेन से कटकर अधेड़ की मौत हो गयी। सूचना पर पहुंची जीआरपी ने मृतक की जेब से मिले कागजों से उसकी शिनाख्त की। मृतक के परिजनों को सूचना दे दी गई है।

दिल्ली हावड़ा रेल मार्ग पर सोमवार दोपहर करीब 3 बजे वैसोली गांव के पास दिल्ली हावड़ा रेल मार्ग के रेलवे ट्रैक के अप लाइन पर कानपुर से इटावा की तरफ जा रही 18101 मुरी एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में एक अधेड़ आ गया, जिससे उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंचे जीआरपी के एस आई देवेन्द्र कुमार सोलंकी ने मृतक की तलाशी ली। जेब में पड़े सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अजीतमल का एक पर्चा निकला। जिसमें ब्रजपाल निवासी बरीपुरा उम्र 48 वर्ष लिखा हुआ था। मृतक की जेब से एक मोबाइल भी मिला है, मृतक मंदबुद्धि बताया जा रहा है। जीआरपी ने शव को पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया। जीआरपी के उपनिरीक्षक देवेंद्र सोलंकी ने बताया कि जेब मे पड़े पर्चे के आधार पर परिजनों को सूचना दे दी गयी है।



जांच-पड़ताल करती जीआरपी की टीम। अमृत विचार

## जूम मीटिंग से पॉक्सो एक्ट की दी जानकारी

**औरैया।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव स्वाती चन्द्रा ने जूम मीटिंग एवं वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग रूम में पैनल अधिवक्ताओं को उच्चतम न्यायालय द्वारा पारित आदेश का संज्ञान लेते हुए बताया कि उच्चतम न्यायालय ने सिविल अपील संख्या 2482/2014 ओरिलयानो बनाम गोवा में आदेश करते हुए पूरे देश में उन महिलाओं की पीड़ा को दर्शाते हुए कहा है कि पॉक्सो एक्ट के अंतर्गत गरीब आदिवासी कामकाजी महिलाओं के साथ होने वाले यौन उत्पीड़न एवं हिंसा के रोकथाम के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को आदेशित किया है।



पैदल मार्च निकालते सीओ व पुलिस फोर्स। अमृत विचार

## सीओ ने पुलिस बल के साथ निकाला मार्च

**अजीतमल, औरैया।** सोमवार को सीओ राम मोहन शर्मा ने कोतवाली प्रभारी राजकुमार सिंह व पुलिस फोर्स के साथ पैदल मार्च निकाला। पैदल मार्च बाबरपुर-फफूंद रोड, सर्राफा मार्केट, मुगल रोड, बाबरपुर तिराहा, अजीतमल तिराहा सहित समस्त कस्बे से गुजरा।

सीओ ने नगर में व्यापारियों से बात की ओर उनकी समस्या पूछी और कहा कि किसी तरह की समस्या हो तो पुलिस फोर्स हमेशा आपकी मदद के लिए तैयार रहेगी।

# भाजपा किसान मोर्चा की 31 सदस्यीय टीम घोषित

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**सभी मंडलों के किसान मोर्चा के मंडल अध्यक्ष भी हुए घोषित**

**अमृत विचार।** भाजपा किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष गिरीश तिवारी ने 31 सदस्यीय जिला पदाधिकारीयों एवं मंडल अध्यक्षों की घोषणा सोमवार को कर दी।

उन्होंने टीटू भदौरिया, अतुल शुक्ला, नालिनी पाण्डेय, अभिषेक सिंह सेंगर (जोनी सेंगर), नितिन अवस्थी, आशीष दुबे को जिला उपाध्यक्ष व गौरव श्रीवास्तव, आशीष कुशवाहा को जिला महामंत्री एवं प्रतिमा कठेरिया, पूरन सिंह राजपूत, सुधीर दोहरे, टीटू यादव, साधना पोरवाल, श्री नरायण सिंह को जिला मंत्री , रवीन्द्र चतुर्वेदी को जिला कोषाध्यक्ष, अकुंर तिवारी जिला मीडिया प्रभारी बनाया है। इसके अलावा रामबाबू भदौरिया जिला कार्यालय प्रभारी, अनुराग दीक्षित जिला सोशल मीडिया प्रभारी बनाया है। जिला कार्यकारिणी टीम के अलावा जिलाध्यक्ष गिरीश तिवारी ने जिले के सभी नगरों में मंडल अध्यक्ष भी घोषित किए। जिसमें औरैया नगर में अजय तिवारी, औरैया देहात में राजू ठाकुर, अजीतमल में भारत सिंह, मुरादगंज में विवेक सिंह, दिबियापुर में राजा दीक्षित, अछल्दा में योगेश चौहान, बल्लापुर में आमोद त्रिपाठी फफूँद में सुधांशू शेखर, बिधूना नगर सुरेन्द्र कुमार दुबे, बिधूना देहात में रविदत्त सेंगर, ऐरवाकटरा में अतुल तिवारी, सहार में राकेश, सहायल में सुशील कुमार मंडल अध्यक्ष बनाए गए।

## बैंक का रुपया बकाया होने पर बनाया बंधक

**अछल्दा, औरैया।** थाना क्षेत्र के गांव वंशी मड़ैया निवासी मिथलेश पत्नी श्याम सिंह ने आरोप लगाते हुए पुलिस को प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि बीते दिन शनिवार को दोपहर एक बजे मेरे दरवाजे पर इटावा ग्रामीण बैंक नेविलगंज से चार लोग उसके घर आये। जो उसके पति से केसीसी बकाया की बात कर रहे थे। जब पति ने कहा कि जमा कर देंगे तो बैंक मैनेजर अपने साथियों के साथ मेरे पति को बाइक पर बिठा कर अपने साथ ले गए। जब उसने रोकने का प्रयास किया तो मेरे साथ धक्का-मुक्की कर भाग गए। तीन दिन से मेरे पति लापता है। थानाप्रभारी भूपेंद्र राठी ने बताया कि जानकारी के मुताबिक केसीसी के लोन को लेकर कुछ लोग बैंक से प्रार्थी के घर गए थे। पर बंधक बनाने के आरोप गलत है।

# पैगंबरपुर में बनेगा एमआरएफ सेंटर : डीएम

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**47.01** लाख रुपये की मिली स्वीकृति

● **ईओ ने कहा भूमि चिह्नित कर ली गई है**

**अमृत विचार।** केंद्र व प्रदेश सरकार की ओर से स्वच्छता को लेकर लगातार अभियान चलाए जा रहे हैं। लंबे अर्से से शहरी क्षेत्र में एमआरएफ सेंटर बनाये जाने के लिए भूमि का चिह्नकान किया जा रहा था। एआरएफ सेंटर बनाये जाने के लिए पैगम्बरपुर में भूमि चिह्नित कर ली गई है। इसके निर्माण के लिए 47.01 लाख रुपये की स्वीकृति प्रदान की गई है।

जिलाधिकारी नेहा प्रकाश ने कलेक्ट्रेट स्थित कार्यालय में आयोजित बैठक में स्वच्छ भारत मिशन नगरीय के अंतर्गत मैटेरियल रिकवरी फैसेलिटी के अधिष्ठान ( एम.आर.एफ. सेंटर) निर्माण एवं आवश्यक संयंत्र के क्रय के लिए 47.01 लाख रुपये की स्वीकृत प्रदान की।



ईओ को निर्देश देतीं डीएम नेहा प्रकाश। अमृत विचार

अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद राम आसरे कमल ने अवगत कराया है कि एम.आर.एफ. सेंटर के निर्माण के लिए मौजा पैगम्बरपुर में भूमि चिह्नित कर ली गयी है। जहां एम.आर.एफ. सेंटर का निर्माण मानक व गुणवत्ता के साथ नगर पालिका परिषद के द्वारा राज्य वित्त आयोग, बोर्ड फंड मद से कराया जायेगा।

## सार-संक्षेप



विजेता टीम के खिलाड़ी। अमृत विचार

### राजस्व इलेवन ने नगर पंचायत को तीन विकेट से हराया

**अजीतमल, औरैया।** जनता महाविद्यालय अजीतमल के ग्राउंड में राजस्व इलेवन अजीतमल और नगर पंचायत इलेवन बाबरपुर अजीतमल के बीच मैत्री क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया। जिसमें राजस्व इलेवन की टीम ने नगर पंचायत बाबरपुर इलेवन को रोमांचक मुकाबले में 3 विकेट से हरा दिया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी नगर पंचायत की टीम ने निर्धारित 12 ओवर में 84 रन का लक्ष्य रखा। जिसके जवाब में खेलने उतरी राजस्व इलेवन ने रोमांचकारी अंतिम ओवर में 16 रन बनाकर 3 विकेट शेष रहते मैच जीत लिया। नगर पंचायत इलेवन के कप्तान राहुल तिवारी( सभासद) ने अपनी टीम का मनोबल बढ़ाते हुए आने वाले मैचों में और बेहतर प्रदर्शन करने को कहा वहीं राजस्व इलेवन के कप्तान प्रदीप (एसडीएम स्टेनो ) ने पहली बार खेल रही नगर पंचायत इलेवन को अच्छे प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दी। दोनों टीमों के बीच अगला मैत्री मैच जल्द खेला जाएगा।



ज्ञापन सौंपते बौद्ध सुरक्षा संगठन के पदाधिकारी। अमृत विचार

### ईवीएम हटाओ लोकतंत्र बचाओ को लेकर दिया ज्ञापन

**ककोर, औरैया।** बौद्ध सुरक्षा संगठन के पदाधिकारी ने आज जिला मुख्यालय पहुंचकर एवं अनुच्छेद 51 का उल्लंघन , 22 जनवरी को राष्ट्रीय अवकाश, एससी एसटी ओबीसी पर अत्याचार के संबंध में ज्ञापन दिया। जबकि चुनाव में वोटिंग करने के बाद मतदान पर हेरा फेरी के आरोप लगाया । उन्होंने कहा कि अब ईवीएम को हटाकर वैलेट पेपर से चुनाव कराए जाएं साथ ही हमारे एससी एसटी लोगों पर अत्याचार हो रहा है जिस पर जल्दी से रोक लगाई जाए। सभी लोगों के हित में 16 फरवरी को भारत बंद का आह्वान करेंगे एवं विशाल धरना प्रदर्शन भी किया जाएगा। इस ज्ञापन के समय राम सिंह अंजलि शीलम दुर्गेश संगीता चौधरी बृजेश जितेंद्र कुमार आदि एक दर्जन लोग मौजूद रहे।

### पुलिस ने गुमशुदा बालिका को किया बरामद

**औरैया।** बेला थाना गांव नया पुर्वा निवासी गिरजा देवी पत्नी स्व. अरुण कुमार राजपूत की पुत्री दो फरवरी को घर से लापता हो गई थी। जिसकी गुमशुदगी तीन फरवरी को थाना में मां ने दर्ज कराई थी। पुलिस ने बालिका को 24 घंटे के अंदर सकुशल ढूंढकर बरामद किया है।



बरामद हुई लापता पुत्री।

### दबंगों ने सास-बहू को पीट कर किया घायल

**अछल्दा, औरैया।** थाना क्षेत्र की गुनौली में घर के बाहर बैठी सास-बहू के साथ दबंगों ने मारपीट कर दी, जिससे उन्हें गंभीर चोटें आई हैं। पीड़ितों ने थाना में शिकायती पत्र दिया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर जांच शुरू कर दी है। गुनौली गांव निवासी उपासना देवी पत्नी वीरू दोहरे ने थाना में दिये शिकायती पत्र में बताया कि रविवार दोपहर एक बजे वह और उसकी सास राम श्री पत्नी कृष्ण गोपाल अपने दरवाजे पर बैठी थीं। तभी गांव के चार लोगों ने दरवाजे के सामने आकर नाली साफ करने के लिए कहने लगे। जब उसने मना कर दिया तो दरवाजे पर आकर गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर उन लोगों ने उसके साथ मारपीट की। बचाव करने आई सास के भी लात-घूंसों से मारा-पीटा। थाना प्रभारी भूपेंद्र राठी ने बताया कि जांच कर कार्यवाही की जाएगी।



प्रशिक्षण के दौरान मौजूद शिक्षक। अमृत विचार

### पांच दिवसीय प्रशिक्षण का हुआ समापन

**अछल्दा, औरैया।** समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत समेकित शिक्षा के तहत ब्लॉक संसाधन केंद्र-अछल्दा पर खंड शिक्षा अधिकारी जगदीश कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में नोडल टीचर्स का पांच दिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण के प्रथम फेज का समापन किया गया। प्रशिक्षण में प्रशिक्षणार्थियों द्वारा 21 प्रकार की दिव्यांगता, उनकी पहचान, निवारण आदि से सभी नोडल शिक्षकों को प्रशिक्षित किया गया। इसके अतिरिक्त दिव्यांग बच्चों को शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए विशिष्ट आवश्यकता वाले बच्चों को कैसे पढ़ना, लिखना सिखाया जाये तथा उससे संबंधित यन्त्र ब्रेल लिपि, सांकेतिक भाषा आदि के प्रयोग से शिक्षकों को प्रशिक्षित किया गया। पांच दिवसीय प्रशिक्षण में संदर्भदाता के रूप में योगदान दे रहे शिक्षक- देवानंद यादव, हरे कृष्ण गुप्ता एवं नरेंद्र कुमार आदि उपस्थित रहे।

**बजट उत्तर प्रदेश 2024-25** किसानों ने सरकार के फैसले को सराहा, जताई खुशी , कहा गरीबों व वृद्धों पर दिया गया ध्यान

# बजट में सरकार ने किसानों का रखा विशेष ख्याल

संवाददाता, फफूंद, औरैया

**अमृत विचार।** यूपी सरकार द्वारा पेश किए गए बजट में वृद्ध किसानों का विशेष ख्याल रखा गया है। बजट में 60 साल से ऊपर आयु के वृद्ध किसानों को मुख्यमंत्री खेत सुरक्षा योजना के तहत तीन हजार रुपये प्रतिमाह पेंशन देने की घोषणा सुनकर वृद्ध किसान खुशी से चहक उठे। उन्होंने प्रदेश के मुख्यमंत्री और वित्त मंत्री का आभार व्यक्त किया है।

सोमवार को उत्तर प्रदेश सरकार के बजट में 60 वर्ष से ऊपर के वृद्ध किसानों को खास तरजीह देते हुए मुख्यमंत्री खेत सुरक्षा योजना के अंतर्गत तीन हजार प्रति माह पेंशन की घोषणा से वृद्ध किसानों के चेहरे खुशी से खिल उठे। गांव शिबुपुर



रामभक्त मिश्रा।



सोवरन सिंह।



रामभानु सिंह।

● **60 वर्ष से ऊपर के किसानों को खेत सुरक्षा योजना के तहत तीन हजार रुपये प्रतिमाह मिलेंगे**

निवासी वृद्ध किसान सोबरन सिंह, रामभानु सिंह, उजीतिपुर निवासी रामकुमार दोहरे, राकेश बाबू, गांव खोयला निवासी किसान सत्यदेव दीक्षित, सत्यस्वरूप दीक्षित, चुन्नू खां आदि ने बताया कि प्रदेश की योगी सरकार ने वृद्ध किसानों की पीड़ा को समझा है और बजट में तीन हजार महीने की पेंशन की घोषणा से उन सभी को बहुत खुशी हुई है। सरकार की यह योजना वृद्ध किसानों को आर्थिक मजबूती देने के साथ ही सम्मानजनक जीवन जीने का भी जरिया बनेगी। वृद्ध किसानों ने इसके लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री और वित्त मंत्री का धन्यवाद अदा किया है।

उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा पेश किए गए बजट में वृद्ध किसानों को पेंशन की घोषणा पर क्षेत्र के किसान नेता और फफूंद राजवाह के अध्यक्ष गिरधर भक्त मिश्र ने भी खुशी जताते हुए कहा की प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का बजट में प्रदेश के बुजुर्ग किसानों के लिए की गई घोषणा से हर वृद्ध किसान खुश है। वृद्ध किसान को तीन हजार की मासिक पेंशन से बड़ा सहारा मिलेगा। उनकी जरूरतें पूरी होंगी और आर्थिक मजबूती से सम्मानजनक जीवन जी सकेंगे।

### बजट लोक मंगल को समर्पित : भुवन प्रकाश गुप्ता



**औरैया।** उप्र सरकार के मुख्यमंत्री योगी आदितनाथ ,वित्त मंत्री सुरेश खन्ना द्वारा सोमवार को विधानसभा में बजट पेश करने के बाद भाजपा जिलाध्यक्ष भुवन प्रकाश गुप्ता ने कहा कि बजट आत्मनिर्भरता, अर्थव्यवस्था और अंत्योदय को समर्पित है। उन्होंने कहा कि बजट किसी न किसी थीम पर आधारित था। ये बजट लोकमंगल को समर्पित है। यह बजट प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ,मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विजन को समर्पित है। प्रति व्यक्ति आय दोगुना करने में भाजपा सरकार को सफलता मिली है। युवाओं के लिए भाजपा सरकार मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना शुरू करने जा रही हैं। इसमें ब्याज मुक्त ऋण भाजपा सरकार उन्हें उपलब्ध कराएंगे। सरकार ने प्रयागराज कुंभ के लिए अभी से बजट में व्यवस्था कर दी है।यह बजट लोक मंगल को समर्पित है।

अमृत विचार
क्लासीफाइड

**सूचना**

मैने अपने पुत्र शनि को चाल चलन ठीक न होने के कारण अपनी चल, अचल संपति से बेदखल कर संबंध विच्छेद कर लिए है। उसके द्वारा किए गए लेनदेन, वाद विवाद व किसी कृत्य से मेरा कोई सरोकार व वास्ता नहीं होगा। **रामचन्द्र पुत्र राधेश्याम निवासी मोहल्ला रामगंज, गुरसहायगंज, कन्नौज**

**सूचना**

सूचित किया जाता है कि SUBAHI KHATUN पत्नी SHUJAUDDIN निवासी ख्वाजा हाल रूदौली, अयोध्या की रहने वाली हूँ। अब मैंने अपना नाम बदल कर SUBHI KHATOON रख लिया है। अब भविष्य में मुझे मेरे बदले हुए नाम से जाना व पहचाना जाए।

**सूचना**

सूचित किया जाता है कि SHARIFUDDIN SHUJAUDDIN, CHAUDHARY, पुत्र CHOUDHARY SARIFUDDIN निवासी ख्वाजा हाल, रूदौली अयोध्या का रहने वाला हूँ। अब मैंने अपना नाम बदलकर SHUJAUDDIN रख लिया है। अब मुझे मेरे बदले हुए नाम से जाना व पहचाना जाए।

**कार्यालय ग्राम पंचायत बरौली, विकासखंड - बिधूना,जनपद औरैया**

पत्रांक – केन्द्रीय वित्त/ राज्य वित्त/मनरेगा/ग्राम पंचायत 2023–24 दिनांक: 06 फरवरी 2024

**निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु अल्पकालीन निविदा सूचना**
**विभिन्न एक फर्म द्वारा माल आपूर्ति विवरण**

विकासखंड बिधूना की ग्राम पंचायत बरौली के अंतर्गत वर्ष 2023–24 केन्द्रीय वित्त/राज्य वित्त/मनरेगा/ग्राम पंचायत के अंतर्गत निम्नलिखित निर्माण कार्य प्रयोगार्थ निर्माण सामग्री स्थानीय आयकर में पंजीकृत जीएसटी धारक निर्माण सामग्री आपूर्तिकर्ता फर्मो ईट विक्रेताओं/सप्लायर्स से (ईट, सीमेंट, मौरंग, बालू, पत्थर, गिटटी, लोहा, सरिया, इंटरलॉकिंग ईट, रंग, इलेक्टीकल/इलेक्टानिक) आदि सामग्री आपूर्ति हेतु अद्योहस्ताक्षरी द्वारा दिनांक 09.02.2024 अपराहन 2 बजे तक सील बंद निविदा टेंडर आमंत्रित किये जाते हैं। जो उसी दिन अपराहन 3 बजे ग्राम पंचायत बरौली द्वारा गठित निविदा समिति के द्वारा उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जाएगी। निविदा प्रपत्र दिनांक 07.02.2024 से 09.02.2024 को किसी भी कार्य दिवस में प्रातः 10 बजे से अपराहन 2 बजे तक ग्राम पंचायत बरौली में निविदा प्रपत्र 100.00 रुपये देकर प्राप्त किये जा सकेंगे।

| क्र.सं | कार्य का नाम | योजना का नाम | माप | अनुमानित लागत | निविदा मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ग्राम पंचायत बरौली के धर्मपुर में रघुनाथ के दरवाजे से ओपेंद्र के मकान तक नाली व इंटरलाकिंग निर्माण कार्य | केन्द्रीय वित्त/राज्य वित्त/ मनरेगा/ग्राम पंचायत | 65 मी. | 3.50 लाख | 100 रुपये |
| 02 | ग्राम पंचायत बरौली के धर्मपुर में राम सिंह के अडडा से रघुनाथ के मकान तक इंटरलांकिंग निर्माण कार्य | केन्द्रीय वित्त/राज्य वित्त/मनरेगा/ ग्राम पंचायत | 45 मी. | 3 लाख | 100 रुपये |

**नियम व शर्ते –** 1. निविदाकर्ता कार्यालय में निविदा संबंधी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। पूर्ण संतुष्ट होने पर ही टेंडर डाले। 2. कार्य की मात्रा एवं लागत मौके की परिस्थितियों के अनुसार घट–बढ़ सकती है। 3. कार्य धन उपलब्ध होने की दशा में कराये जाएंगे।

**प्रधान** **ग्राम पंचायत अधिकारी**
**ग्राम पंचायत बरौली, वि.खं. बिधूना, जनपद औरैया**

